हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, मंगलवार, 23 अप्रैल 2024

तापमान
अधिकतम 40.6 डिग्री
न्यूनतम 25.6 डिग्री

11 छत्तीसगढ़ किसान संघ कुम्हारी का केले की उन्नत फसल पर प्रशिक्षण आयोजित



11 सामाजिक व राजनीतिक क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी होनी चाहिए





# जंग में 25 प्रत्याशी, चुनाव चिन्ह में बंटे सिलेंडर से लेकर माचिस और टाफियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

लोकसभा संसदीय क्षेत्र के चुनावी मैदान में 25 प्रत्याशी जंग लड़ेंगे। सोमवार को नाम वापसी के दिन एक भी अभ्यर्थियों ने नाम वापस नही लिया। जिसके बाद मैदान पर दो दर्जन प्रत्याशियों की फौज खडी हो गई है। जिला निर्वाचन आयोग द्वारा सोमवार को चुनाव चिन्ह का आबंटन भी कर दिया है। जिसमें सिलेंडर से लेकर माचिस, सिलाई मशीन, बांसुरी और टाफी चिन्ह का वितरण किया गया है। नाम वापसी के प्रक्रिया के निपटने के बाद अब हर गली-मोहल्ले में राष्ट्रीय दल के प्रत्याशियों के साथ निर्दलीय भी चुनावी धमाल मचाएंगे। लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत संसदीय क्षेत्र 7 दुर्ग अंतर्गत नाम वापसी के अंतिम तिथि को समय समाप्ति उपरांत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी ने मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय व राज्य राजनीतिक दलों के अभ्यर्थियों एवं अन्य अभ्यर्थियों को चुनाव प्रतीक चिन्ह आबंटित किया। संसदीय क्षेत्र दुर्ग के लिए 25 अभ्यर्थी चुनाव लड़ेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा अभ्यर्थी दिलीप रामटेके बहुजन समाज पार्टी को हाथी चुनाव चिन्ह, राजेन्द्र साहू इंडियन नेशनल कांग्रेस को हाथ और विजय बघेल भारतीय जनता पार्टी को कमल चुनाव चिन्ह आबंटित किया गया। इसी प्रकार डॉ. अंजू केमे एकम सनातन भारत दल को बांसुरी, पुष्पा मैरिसा आंबेडकराईट पार्टी ऑफ इंडिया को कोट, यशवंत सीताराम साहू भारतीय शक्ति चेतना पार्टी को एयरकंडीस्नर, राकेश साहू न्यायधर्मसभा को हीरा, विकास शर्मा लोकशाही एकता पार्टी को सिलाई की मशीन, शीतकरण महिलवार आजाद समाज पार्टी को केतली, शंकर ठाकुर गोंडवाना गणतंत्र पार्टी को आरी, श्याम सुंदर साहू लोकतंत्र कांग्रेस पार्टी को बाल्टी, सविता शैलेन्द्र बंजारे शक्ति सेना (भारत देश) को गैस सिलेंडर, सुखदेव टंडन राष्ट्रीय जनसभा पार्टी को नारियल फार्म चुनाव चिन्ह आबंटित किया गया है। इसी क्रम में अनूप कुमार पाण्डेय निर्दलीय को बल्ला, अरूण जोशी निर्दलीय को लिफाफा, अली हुसैन सिद्दकी निर्दलीय को सीटी, अशोक जैन निर्दलीय को माचिस की डिब्बी, खिलानंद जसपाल निर्दलीय को गन्ना किसान, ध्रुव कुमार सोनी उर्फ लंगूर सोनी निर्दलीय को टॉफियां, बलदेव साहू निर्दलीय को काँच का गिलास, भागबली सिवारे निर्दलीय को अलमारी, भानुप्रताप चतुर्वेदी निर्दलीय को ब्लैकबोर्ड, संतोष कुमार मारकण्डे निर्दलीय को सेब, हरिचंद ठाकुर निर्दलीय को कम्प्यूटर और डॉ. हरिशचंद्र साहू निर्दलीय को ऑटोरिक्शा चुनाव प्रतीक चिन्ह आबंटित किया गया है।

### लॉटरी सिस्टम से प्रतीक चिन्ह का आवंटन

लोकतंत्र कांग्रेस पार्टी के अभ्यर्थी श्याम सुंदर साहू और शक्ति सेना (भारत देश) के अभ्यर्थी सविता शैलेन्द्र बंजारे द्वारा गैस सिलेंडर चुनाव चिन्ह को प्रथम वरीयता दिए जाने पर इसका फैसला लॉटरी निकालकर किया गया। जिसमें गैस सिलेंडर चुनाव चिन्ह सविता शैलेन्द्र बंजारे शक्ति सेना (भारत देश) के नाम पर लॉटरी निकली। तत्पश्चात जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा गैस सिलेण्डर प्रतीक चिन्ह सविता शैलेन्द्र बंजारे को आबंटित की गयी।

### कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने अभ्यर्थियों को किए प्रतीक चिन्ह आवंटित



### डेढ़ दर्जन प्रत्याशी निर्दलीय

चुनावी मैदान में कूदे 25 प्रत्याशियों में करीब डेढ दर्जन प्रत्याशी पार्टी सिंबाल से नही बल्कि अपने व्यक्तिगत छबि को दांव में लगा दिए है। निर्दलीय प्रत्याशियों को चिन्ह का आबंटन किए जाने के बाद प्रचार में तेजी आएगी। यह देखना रोचक होगा कि, बडी पार्टियों के सामने निर्दलीय प्रत्याशी किन मुद्दो को लेकर आम लोगों के बीच वोट मांगने जा रहे है। बहरहाल मंगलवार को चुनावी प्रचार प्रसार तेज हो जाएगी। बता दे कि दुर्ग में लोकसभा का तीसरे चरण यानि सात मई को मतदान है।




## खबर संक्षेप

### महाभंडारा आज

**भिलाई।** जय हनुमान सेवा वाहिनी के तत्वावधान में श्री हनुमान जन्मोत्सव सेक्टर-9 हनुमान मंदिर मुख्य गेट के पास महाभंडारा का आयोजन किया जा रहा है। 23 अप्रैल को सुबह 6 बजे से पूजा अर्चना के बाद महाभंडारा शुरु किया जाएगा। वाहिनी ने भक्तों से बड़ी संख्या में उपस्थिति की अपील की है।

### श्रीहनुमान जन्मोत्सव पर शोभायात्रा आज



**भिलाई।** श्री हनुमान जन्मोत्सव पर शोभायात्रा 23 अप्रैल को शाम 4 बजे आशीष नगर वार्ड-25 प्रियंका नगर महाकालेश्वर मंदिर प्रांगण से डीपीएस चौक रिसाली के हनुमान मंदिर प्रांगण में ध्वजारोहण होगा। यह जानकारी आयोजक मनीष यादव ने दी।

### अवैध शराब, गिरफ्तार

**भिलाई।** अवैध शराब के साथ युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है।

**जनसभा :** भाजपा प्रत्याशी विजय के समर्थन में राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा ने की सभा

# नागरिकों का उत्साह देखकर लगता है कि देश में तीसरी बार बन रही मोदी सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दुर्ग लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल के समर्थन में सोमवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगतप्रकाश नड्डा ने भिलाई के आईटीआई ग्राउंड में बड़ी जनसभा को संबोधित करते हुए देश में तीसरा बार मोदी सरकार बनाने विजय बघेल को सांसद चुनने की अपील नागरिकों से की। नड्डा ने कहा कि आप लोगों का उत्साह और आप लोगों की भीड़ देख कर यह पता चल रहा है कि आप लोगों ने विजय बघेल को जिताने का फैसला ले लिया।





### कार्यकर्ताओं की मेहनत व जनता के आशीर्वाद से बनेगा रिकार्ड

सभा को सम्बोधित करते हुए सांसद विजय बघेल ने कहा कि कोरोना काल में जब महामारी फैली हुई थी। लोग मर रहे थे। तब हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृढ़ संकल्प देश के लोगों में यह भावना जगाई की हमें इस महामारी से जितना है तो हमें एक जुट होकर, संगठित होकर एक दूसरे की मदद करनी है। भाजपा एक-एक घर घर जाकर लोगों की मदद की। आगे सांसद विजय बघेल ने अपने पार्टी के कार्यकर्ता पदाधिकारी की तारीफ करते हुए कहा कि ये वही कर्मठ और ईमानदार हमारे कार्यकर्ता हैं। जिन्होंने 2019 में जब लोकसभा चुनाव हुआ था। उससे पहले प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी और दुर्ग जिले में चार-चार पांच-पांच मंत्री थे सीएम और गृहमंत्री भी यही के थे। इसके बाद भी कार्यकर्ता और पदाधिकारी ने पूरे लगन से मेहनत की और दुर्ग लोकसभा में रिकॉर्ड तोड़ वोट से चुनाव जिताया। इस बार कार्यकर्ता और पदाधिकारी पूरी ईमानदारी से काम कर रहे हैं और पूरे इस लोकसभा में एक नया रिकॉर्ड से दुर्ग जिला जीतने की तैयारी है। खुर्सीपार के आईआईटी मैदान में आयोजित इस सभा में 20 हजार से अधिक कार्यक्रम व पदाधिकारी सहित जिले के गांव गांव से लोग हजारों की संख्या में उपस्थित हुए। इस अवसर पर भाजपा के पदाधिकारियों में सह प्रभारी राजीव अग्रवाल , जिलाध्यक्ष महेश वर्मा,सह संयोजक प्रीतपाल बेलचंदन, दुर्ग विधायक गजेंद्र यादव, विधायक रिकेश सेन सहित सैकड़ों पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं उपस्थित रहे।

### विश्व के शिखर पर पहुंचेगा भारत

श्री नड्डा ने कहा कि भारत वर्ष को विश्व गुरु बनाने, राष्ट्र के निर्माण के लिए। भारत को विश्व के शिखर पर ले जाने के लिए विजय बघेल को जिताना जरूरी है। आप सब ने पिछली बार जब विजय बघेल को जिताया था तब देश में 3 तलाक जो पाकिस्तान लागू नहीं है। जो बंगला देश और कई मुस्लिम देशों में लागू नहीं था। लेकिन हमारे यहाँ वर्षो से यह कुप्रथा चली आ रही थी। किसी मे हिम्मत नहीं थी कि इस कुप्रथा को बंद करे, चर्चा भी नहीं करते थे। लेकिन जैसे ही हमारे मोदी प्रधानमंत्री बने उन्होंने इस कुप्रथा से मुस्लिम बहनों को आजादी दिलाई।

### मोदी भी हैं गुजरात के साहू

पूर्व सांसद स्व. ताराचंद साहू के पुत्र दीपक साहू ने सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर तीखा हमाला बोला। दीपक ने कहा कि साहू समाज को गुमराह करने कांग्रेस सामाजिक ध्रुवीकरण का हल्ला कर रही है। दीपक ने कहा कि छत्तीसगढ़ का साहू प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ है। गुजरात में साहू समाज का सरनेम मोदी ही मोदी है। समाज देशहित में प्रधानमंत्री मोदी को सदैव समर्थन देता रहा है।

### छत्तीसगढ़ परंपरा से हुआ नड्डा का स्वागत

भाजपा के राष्ट्रीय जगतप्रकाश नड्डा के भिलाई प्रवास को यादगार बनाने भाजपा कार्यकर्ताओं ने कोई कसर बाकी नहीं रखी। हेलीपेड पर मंजू दुबे के नेतृत्व में महिला कार्यकर्ताओं ने छत्तीसगढ़ी पोषाक पहनकर जगतप्रकाश नड्डा का आत्मीय स्वागत किया। वहीं मंच पर कार्यकर्ताओं ने नांगर का प्रतिकात्मक नांगर भेंटकर स्वागत किया।



शरीर में कई जगह चोट के निशान

# सड़क किनारे बंद बोरे में मिली महिला की लाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



बोरे बंद महिला की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी लगने पर मौके पर पहुची पुलिस ने शव को मरचूरी में रखवा दिया है। मामले में पुलिस जांच में जुटी हुई है। शव का शिनाख्त अभी तक नहीं हो पाया है।

नंदिनी पुलिस ने बताया कि सोमवार को ग्राम कोडिया के सगनी जाने वाले मार्ग से कुछ ही दूरी पर प्लास्टिक बोरी में बंद महिला की लाश मिली। महिला की उम्र 20 से 30 वर्ष की बताई रही है। शव पांच दिन पुराना हो सकता है। शव बुरी तरह डेमेज हो चुका है। टीआई राजेश साहू ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुची थी। पुलिस आसपास के गांव में महिला के शिनाख्त का प्रयास कर रही है। खबर लिखे जाने तक शव का शिनाख्त पुलिस नहीं कर पाई है। पुलिस ने बताया कि महिला ने आसमानी नीला साड़ी, हरा पेटीकोट, काला ब्लाउज, दोनों हाथ में ऑरेंज कलर के 2 प्लास्टिक कंगन, लाल रंग की कांच की चूड़ी और 2 सिल्वर रंग का कंगन पहनी हु हुई है। शव को देख प्रतीत हो रहा है कि उसकी हत्या कर उसे छुपा कर रखा गया था। उसके बाद शव को सड़क किनारे फेंका गया। पुलिस जांच में जुटी हुई है।

## प्राणघातक हमला करने वाले दो पकड़ाए

- सुपेला पुलिस को मिली सफलता

**भिलाई।** प्राणघातक हमला करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 307, 34,25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। सुपेला टीआई राजेश मिश्रा ने बताया कि नेहरू नगर निवासी धर्मेन्द्र सिंह शनिवार की रात कोसानगर सुपेला में अपने दोस्तो से बातचीत कर रहा था. इस दौरान दो युवक पहुचे और पीड़ित को गाली गलौज कर जान से मारने की नियत से डंडा, पाईप, अन्य धारदार हथियार से प्राणघातक हमला कर फरार हो गए। घटना की शिकायत पुलिस से की गई। पुलिस ने फरार आरोपियों को पकड़ने के लिए टीम बनाई गई। मुखबिर की सूचना पर संदेही कोसा नगर मराठी मोहल्ला निवासी अमित बोमबारडे और उडिया बस्ती शिवाजी चैक माडल टाउन सुपेला नीरज सिंग को पकड़ा गया। दोनों से पूछताछ करने पर पुलिस को बताया कि पीड़ित को डंडा, पाईप लोहे का चाकू से मारपीट करना स्वीकार किया। पुलिस आरोपियों से डंडा, पाईप एवं लोहे का धारदार चाकू को जब्त किया है।




विवि ने संविदा पद की परिभाषा ही बदल दी, आरोप सिध्द होने के बाद भी कार्रवाई नहीं

# सालों बाद भी भ्रष्टाचार का कलंक नहीं धो पाया कामधेनू विवि

राहुल शर्मा ▶▶| दुर्ग

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

भले ही अंजोरा स्थित दाउ श्री वासुदेव चंद्राकर कामधेनू विवि पूरे देश में पढाई और छात्रों का कैरियर संवारने में विख्यात है। लेकिन यहां बैठे कुछ अफसरो ने सालों से भ्रष्टाचार की रियासत खडी कर दी है। विवि में होने वाले करोडों रूपए की निर्माण की मानिटरिंग करने वाले अफसर खुद ही ठेकेदार बन बैठे है। अपने चेहेतों को काम देकर करोडों रूपए के भ्रष्टाचार में आरोप सिध्द अफसर आज भी विवि के चार दीवारी के अंदर हुकुमत चला रहे है। ऐसी उम्मीद हैं कि, सत्ता परिवर्तन के बाद सरकार तय सिध्द मामलो में दोषी अफसरों को गुनाहो की सजा देगी। जानकारी अनुसार विवि में पिछले आठ साल के कार्यकाल में लगातार कई गंभीर भ्रष्टाचार उजागर हुए है। भ्रष्टाचार के केन्द्र बिन्दु में एक परिविक्षाधीन सहायक अभियंता रहे है, जिन्होने वर्ष 2016 के विवि भवन निर्माण में 29 करोड के भारी गड़बड़ी किया। जिसकी बकायदा हाईपावर कमेटी द्वारा गठित कर जांच कराई गई, जिसमें अफसर सहित अन्य दोष सिध्द भी हो चुके है। सोची समझी साजिश के तहत इसे अंजाम दिया गया। निविदाओं को पंजीकृत पोस्ट व स्पीड पोस्ट के बजाय मैनुअली आमंत्रित कर उसे ड्रॉप बॉक्स में डलवा कर अपने चहेते ठेकेदारों को (व्यक्तिगत) निविदा बांटी गई थी। नियमतः बीस लाख से (कमेटी के अनुसार) अधिक के कार्य का टेंडर मैन्युअली नही कराया जाता हैं। जबकि इसे हमेशा की तरह विवि के साइड में अपलोड भी नही किया गया था। इस मामले की शिकायत के बाद विश्वविद्यालय ने डॉ एसपी तिवारी अधिष्ठाता की अध्यक्षता में हाई पावर जांच समिति गठित की गई। कमेटी ने जांच में कई को दोषी सिद्ध किया था। इन सभी ने मिलकर टेंडर नियमों में कूटरचना की थी।



### पहले भी बैठ चुकी थी जांच टीम

विश्वविद्यालय के निर्माण विभाग कार्यपालन अभियंता कार्यालय में पदस्थ सहायक अभियंता (परिविक्षाधीन) द्वारा अपनी नियुक्ति से लेकर अब तक कई भ्रष्टाचार और आर्थिक अनियमितताएं की गई हैं। जिसके कारण पूर्व कुलपति डॉ दक्षिणकर और पूर्व कुलसचिव डॉ मरकाम द्वारा उक्त सहायक अभियंता उल्लास को निलंबित कर उनके ऊपर विभागीय जांच भी बैठाई थी। उक्त सहायक अभियंता की पदस्थापना 2014 से अब तक विभागीय रिकार्ड भी अच्छा नहीं है एवम इनकी गोपनीय चरित्रावाली में पूर्व अधिकारियों ने डी- ग्रेड दिया हुआ है। अब तक परिवीक्षा अवधि भी समाप्त नहीं हुई है।

### बिलो रेट पर टेंडर देकर 5 करोड़ की चपत

शिकायतकर्ता के अनुसार टेंडर 2 से 3 प्रतिशत कम में अपने चहेते ठेकेदारों को सांठ-गांठ कर दिये गये। इस टेंडर से लगभग 18 प्रतिशत का शासन को नुकसान हुआ है। जो किं 5 करोड़ के लगभग है। इस आरोप की जांच में कमेटी ने पाया कि, बार-बार टेंडर बिना किसी कारण के निरस्त किया गया, इसमें टेंडर समिति के अध्यक्ष व किसी भी सदस्यों का दस्तखत नही था। बार-बार टेंडर तिथि बदले जाने के चलते कमेटी ने भी त्रुटीपूर्ण और दोषपूर्ण माना था।

### संविदा समाप्त का स्पष्ट नियम

करीब 29 करोड के निर्माण कार्य में गडबडी और दस्तावेज घुमा देने के मामले में जांच के बाद दोषी अधिकारी पर छत्तीसगढ़ शासन पशुधन विकास विभाग से लगातार विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ रमेश कुमार सोनवाने को उक्त सहायक अभियंता के ऊपर कार्यवाही करने पत्र जारी किया गया। वही विवि द्वारा क्या कार्यवाही की गई शासन को अवगत कराने हेतु पत्र लिखे जा रहे हैं। इतने गंभीर आरोप सिध्द होने के बाद संविदा समाप्त होना शर्तो में उल्लेखित है। इसके बाद भी दोषी अधिकारी विवि में जमे है।

### इन्हीं पर फर्जी बिलिंग का भी आरोप

तत्कालीन कार्यपालन अभियंता ए. एस. प्लाहा द्वारा उक्त सहायक अभियता का माह मार्च 2016 में 1 दिन का वेतन दंड स्वरूप काट कर उसे सर्विस बुक में दर्ज किया था। तत्कालीन कार्यपालन अभियंता महेश कुमार शर्मा ने भी बिना अनुमति के अनुपस्थित रहने के कारण 2021 एवम माह जुलाई 2021 का वेतन कटौती किया गया है। यही नहीं ठेकेदारों से सांठ गांठकर 1.54 करोड़ की फर्जी बिलिंग के भी मामले है। जिसमें तत्कालीन कार्यपालन अभियंता रविशंकर कोष्टा ने अपनी विस्तृत रिपोर्ट कुलसचिव डॉ सोनवाने को प्रेषित कर उक्त सहायक अभियंता के ऊपर कार्यवाही करने बढाया गया था।

### जांच के बीच गुम हो गई एमबी बुक

शिकायतकर्ता के शिकायत और जांच के बीच अचानक निर्माण कार्य के मेजरमेंट बुक गायब हो गए। इसके लिए भी अलग से जांच कमेटी गठित की गई थी। आरोप यह भी लगे थे कि, उक्त सहायक अभियंता द्वारा अपने भ्रष्टाचार को छुपाने के लिए कार्यपालन अभियंता कार्यालय से 11 नग माप पुस्तिकाएं गायब कर दी गई, जिसमे विश्वविद्यालय द्वारा डॉ पीएल चौधरी की अध्यक्षता में 28 जून 2019 को करवाई गई, वही तकनीकि जांच में भी उक्त सहायक अभियंता दोषी सिद्ध हो चुके है। कमेटी ने लिए गए बयान के बाद निष्कर्ष दिए है, जिसमे उन्होने उक्त अफसर को दोषी माना है।

### विभागीय जांच चल रही

मामले की जांच विभिन्न कमेटियों से की गई थी। लेकिन अभी विभागीय जांच बाकी है। विभागीय जांच के बाद आगे कार्यवाही की जाएगी।

**डॉ. आरके सोनवाने**
कुलसचिव, विवि, अंजोरा दुर्ग

## पाठक सूचना

**हरिभूमि** के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

**7987328736, 7489348301**


हनुमान जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं...
श्रीगुरु चरन सरोज रज, निज मनु मुकुरु सुधारि।
बरनऊँ रघुबर बिमल जसु, जो दायकु फल चारि।।
बुद्धिहीन तनु जानिके, सुमिरौं पवन-कुमार।
बल बुद्धि विद्या देहु मोहिं] हरहू कलेस विकार।।
पवन तनय संकट हरण मंगल मूरति रूप
राम लखन सीता सहित हृदय बसहु सुर भूप
श्री हनुमान जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं...
जाके बल से गिरिवर कांपे
रोग दोष जाके निकट न झांके
अंजनी पुत्र महाबलदायी
संतन के प्रभु सदा सहाई
Ramesh Mishra
SARTHI ENTERPRISES
House of Fire & Safety Equipments & Engineering Works
Specialist in Fire Fighting System and Govt. Contractor
Near IDBI Bank, Nandini Road, Bhilai Ph.: 0788-4092503, 9302831248, 9893287948 E-mail : sarthi.bhilai@yahoo.co.in
वयम् रक्षामः
हिन्दू युवा मंच
(छत्तीसगढ़)
हनुमान जन्मोत्सव
भव्य शोभायात्रा एवं महाआरती
24 अप्रैल शाम 4 बजे, ग्रीन (शहीद) चौक, दुर्ग से
विराट भजन संध्या
शाम 06:30 बजे से
पुराना बस स्टैण्ड, दुर्ग
अरूण अग्रवाल
जिला उपाध्यक्ष
राजा देवांगन
किशन भगत
उज्जैन वाले
हनुमान जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं...
जीवन निर्मलकर
संयुक्त सचिव-जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग
सरपंच प्रतिनिधि-ग्राम पंचायत टेकापार (बोरी)
अध्यक्ष-दुर्ग राज झेरिया धोबी समाज
हनुमान जन्मोत्सव
की हार्दिक शुभकामनाएं
जलाराम
मिष्ठान भंडार
स्टेशन रोड़, दुर्ग
फोन : 2323580
शुभेच्छु
जलाराम
मिष्ठान भंडार
स्टेशन रोड दुर्ग
फोन : 2211580
जलाराम
BAKER'S TABLE
Station Road Durg
Tel. :0788-2211580
73895-40000
98267-64650
श्री हनुमान जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं...
भूत पिशाच निकट नहीं आवे।
महावीर जब नाम सुनावे।।
नासे रोग हरे सब पीरा।
जपत निरंतर हनुमत वीरा।।
लोधी विमल पटेल
सांसद प्रतिनिधि व संगठन मंत्री जिला लोधी समाज दुर्ग (छत्तीसगढ़) 491001
VIMAL PATEL @VimalPatel1754 7489841922
JJ INVESTMENTS
बाबू मोशाय!
"SALARY SIP ME JANI CHAHIYE EMI ME NAHI"
अपने FINANCIAL GOALS को पूरा करने के लिए आज ही संपर्क करें
SIP / Mutual Funds
Financial Consultation
Tax & Retirment Planning
Life / Health & Gen. Insurance
SCAN TO GET RICH!
J Ranga Rao 98261 72002
Sai Mandir Road, Padum Nagar, Bhilai-3, Bhilai, C.G.
E-mail : jjinvestments2008@gmail.com Web.: www.jjinvestments.in
जय जय जय बजरंग बली
॥ ॐ हं हनुमते नमः ॥
हनुमान जन्मोत्सव
की आप सभी को मंगलमय शुभकामनाएं
मनीष यादव (बंटी)
पार्षद (वार्ड क्रं. - 25)
नगर पालिका निगम, रिसाली
प्रदेश कार्यसमिति सदस्य
भारतीय जनता युवा मोर्चा, छ.ग.

## खबर संक्षेप

### उद्‌घोषक मनोहर को रेडियो श्रोताओं ने दी श्रद्धांजलि

**कुम्हारी।** अपने जमाने के मशहूर रेडियो सिलोन के उद्‌घोषक मनोहर महाजन के निधन पर रेडियो श्रोता संघ ने श्रद्धांजलि दी है। उनका



लंबी बीमारी के बाद मुंबई में निधन हो गया। रेडियो श्रोताओं ने कहा कि वे छत्तीसगढ़ के रेडियो श्रोताओं से विशेष स्नेह रखते थे। वे छत्तीसगढ़ रेडियो श्रोता संघ रायपुर के तत्वावधान में आयोजित अखिल भारतीय रेडियो श्रोता सम्मेलन 2010 में और 13 फरवरी 2020 विश्व रेडियो दिवस पर श्रोताओं से मिलने रायपुर पहुंचे थे। उनके निधन को छत्तीसगढ़ के श्रोताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए इसे अपूरणीय क्षति बताया है। श्रद्धांजलि देने वालों में सर्वश्री अशोक बजाज, परसरामसाहू गुरुजी, श्याम वर्मा,मुकेश शर्मा, विनोद वंडलकर, मनोहर डेंगवानी, सुरेश सरवैया,कमल लखानी, अशोक श्याम कुंवर, रविलाल सूर्यवंशी, प्रताप पांडेय,तारक सतदेव, श्याम शर्मा, हरमिंदर सिंह चावला एवं बचकामल आदि शामिल हैं।

### आज जामगांव आर में हनुमान जन्मोत्सव



**जामगांव आर।** श्री हनुमान जन्मोत्सव 18 वां वर्ष बाजार चौक जामगांव आर में 23 अप्रैल को भव्यता के साथ आयोजित किया जा रहा है। सुबह 9 बजे ध्वजारोहण, अभिषेक पूजा 10 बजे, महा प्रसादी 12 बजे की योजना तैयार की गई है। रात्रि 9 बजे श्री हार्दिक व्यास राजनांदगांव द्वारा भक्ति की अविरल ससंगित धारा प्रवाहित होगी। मुख्य यजमान मुरलीधर राठी ने रामभक्त शिरोमणि की जयंती का भरपूर आनंद और लाभ लेने की अपील की है।

# तिरोहित होते धर्म संस्कार की रक्षार्थ वर्तमान में वर्धमान की आवश्यकता है: छन्नूलाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

शासकीय स्कूल कुम्हली में भोजन के पहले भजन करते हुए भगवान महावीर स्वामी का स्मरण किए। बच्चो एवं शिक्षकों ने भगवान महावीर की जन्म कल्याणक महोत्सव अग्रिम दिवस मनाए। जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर, दिव्य महापुरुष भगवान महावीर की जयंती शासकीय माध्यमिक एवं प्राथमिक विद्यालय कुम्हली में गत वर्ष की तरह इस वर्ष भी मनाई गई। विद्यालय के उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने महावीर स्वामी के तैल चित्र का पूजन अर्चन कर पुष्पमाला अर्पित कर सदमार्ग पर चलने के लिए संकल्प लिया।

## बच्चो एवं शिक्षकों ने भगवान महावीर की जन्म कल्याणक महोत्सव मनाया



### विजेता बनने का बताया मार्ग

महावीर स्वामी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए मिडिल प्रधान पाठिका प्रभा सिंह ने विद्यार्थियों को महावीर स्वामी के पंचशील के सिद्धांत का अनुसरण करते हुए समाज में उच्च नैतिक मूल्यों की स्थापना करने के लिए प्रभावी प्रेरणा दिए। वर्तमान मे हिंसात्मक प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है, असत्य भाषण, नशाखोरी का साम्राज्य बढ़ते दिखाता है ऐसे मे महावीर का उच्चतम आदर्श ही हमे सुगम जीवन दिशा दे सकता है। महावीर स्वामी का कठोर तपस्या ज्ञान प्राप्ति के लिए प्रेरित करता है।

### महावीर का सिद्धांत प्राणी जगत का तारण हार है

प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक छन्नूलाल साहू ने कहा कि भगवान महावीर के बचपन का नाम वर्धमान था। गिरते हुए संस्कार की रक्षा के लिए वर्तमान में वर्धमान की आवश्यकता है। दिग्भ्रमित हो रहे मानव को महावीर जैसे ज्ञानी भगवंतो की अत्यंत आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि उनके अनुगामी साधु साधुवी भगवंतों की दिनचर्या जीवन प्रक्रिया की त्याग तपस्या असाधारण दिखती है तो कल्पना करे भगवान महावीर की साधना कितनी अद्भुत और असाधारण रही होगी। धर्म संस्कार की रक्षा भगवान महावीर के सिद्धांत में चलकर आसानी से की जा सकती है। उन्होंने कहा कि कोई भी संत महापुरुष सर्व प्राणी जगत के तारण होते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षिका यशोदा नायक, शिक्षक हुषण चंद्राकर, पोषण लाल साहू उपस्थित थे।

## ग्राम गोड़ेला मे माता कर्मा जयंती व आदर्श सामूहिक विवाह का आयोजन

# आदर्श विवाह कार्यक्रम में मुख्यमंत्री साय हुए शामिल, नवदंपति को दिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

बालोद जिले के अर्जुन्दा में तहसील साहू संघ मोहंदीपाट द्वारा ग्राम गोड़ेला में जिला स्तरीय कर्मा महोत्सव एवं आदर्श विवाह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय पहुंचे। अध्यक्षता कर रहे टहल सिंह साहू प्रदेश संघ, गुंडरदेही

■ छग मे सब काम सांय सांय चल रहा है: सीएम विष्णुदेव

भूतपूर्व विधायक वीरेंद्र साहू, प्रीतम साहू पूर्व विधायक बालोद, विशिष्ट सलाहकार पवन साहू, हलधर साहू महामंत्री साहू संघ, रमेश सोनवानी, सरपंच ग्राम गोड़ेला रामेश्वर ठाकुर, सोमनलाल साहू, अध्यक्ष जिला साहू संघ एवं समस्त तहसील एवं ग्रामीणों ने कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों का भव्य स्वागत किया। समाज के प्रतिभावान बच्चों का सम्मान हुआ साथ ही इस कार्यक्रम में सामाजिक बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में सीएम विष्णुदेव साय ने आदर्श विवाह और साहू समाज द्वारा आयोजित कर्मा जयंती महोत्सव में शामिल हुए। उन्होंने ख़ुशी जाहिर करते हुए कहा कि समाज द्वारा यह बहुत ही अच्छी पहल किया गया है। मुख्यमंत्री ने सभी नव दम्पति जोड़े को अपना आशीर्वाद देते हुए मंगलकामना की।

## महतारी वंदन की राशि बंद नही होगी, सात जोड़ा परिणय सूत्र में बधे







### माता कर्मा के लिए भगवान को प्रगट होना पड़ा

विष्णु देव साय ने कहा कि अब छग सब काम सांय सांय चल रहा है। भक्ति की शक्ति में इतनी ताकत है कि माता कर्मा के लिए भगवान को प्रगट होना पड़ा। समाज के पदाधिकारियों का दर्शन करने आया हूं। अभी आचार संहिता है इसलिये बड़ी पाबंदी है, लेकिन चुनाव के बाद समाज की माँग को पूरा करेंगे। साथ ही छग में महतारी वंदन योजना बंद नही होगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रदेश अध्यक्ष टहल सिंह साहू ने वर-वधु को आशीर्वाद देते हुये कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में फैली बुराइयां दूर होती है। समाज के बनाए नियमों का कड़ाई से पालन करने की जरूरत है। दिखावे की प्रवृत्ति समाज के लिए घातक है। इसे रोकना होगा। उन्होंने समाज के सदस्यों से कहा कि मीटिंग रखकर अपने पदाधिकारियों को बताएं कि समाज के कौन-कौन से नियम में बदलाव करने चाहिए। नये नियमों का पालन करना चाहिए आज हमें अपने बच्चों को शिक्षा के संस्कार की शिक्षा भी दे समाज में बेटिया अब हर क्षेत्र आगे बढ़ रही है अब हमें बेटों को आगे बढ़ाना होगा। तहसील साहू संघ द्वारा ग्राम गोड़ेला में माँ कर्मा जयंती व सामूहिक आदर्श विवाह का आयोजन किया गया। जिसमे सात जोड़े विवाह सूत्र में बंधे।

### कार्यक्रम में यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर सोमन लाल साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ, बालोद उमाशंकर साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ अर्जुन्दा, देवधर साहू अध्यक्ष परिक्षेत्रीय साहू मोहंदीपाट, पुरुषोत्तम साहू अध्यक्ष ग्रामीण साहू समाज गोड़ेला तहसील अध्यक्षगण मदन सोनबरसा बालोद, महेन्द्र साहू गुरुर, मानसिंह सार्वा गुण्डरदेही, नरेन्द्र हिरवानी देवरी राजेन्द्र साहू डौंडीलोहारा, सोमेश साहू डौंडी, युवराज साहू दल्लीराजहरा, स्वागताकांक्षी धिराजसिंह साहू, पंचकुमारी साहू, जितेन्द्र साहू, कृष्णा साहू, रामदयाल साहू, तोरणलाल साहू, विजय साहू, बंशीलाल साहू, परमानंद साहू, लिखन साहू, लेखराम साहू, अंजनी साहू, प्रोफे. कमल राम साहू, दिनेश्वर साहू, उमाशंकर साहू तहसील अध्यक्ष, पंकज चौधरी, विनय साहू, पूर्व सरपंच मोहंदीपाट मुकेश साहू, पूर्व सरपंच देवरी द गोविंद्र साहू, वामन साहू, चुकेश्वर साहू, देवधर साहू, केवल साहू, हरिशंकर साहू, शिव कुमार साहू, उषा साहू, पुष्पा साहू, धरम बाई, तमेश्वरी साहू एवं समस्त पदाधिकारीगण जिला साहू संघ, बालोद एवं समस्त साहू ग्रामीण जन उपस्थित थे। यह जानकारी पूर्व सरपंच व वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता देवरी द गोविंद साहू, पूर्व सरपंच मोहंदीपाट मुकेश साहू, समाजिक कार्यकर्ता मटिया पंकज चौधरी और ग्राम चीचा विनय साहू ने दी।





## छत्तीसगढ़ किसान संघ कुम्हारी का केले की उन्नत फसल पर प्रशिक्षण आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी

छत्तीसगढ़ युवा प्रगतिशील किसान संघ, खपरी कुम्हारी द्वारा किसानों के लिए समय-समय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम रखा जाता है जिसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों के किसान लाभान्वित होते हैं।

■ प्रशिक्षण कार्यक्रम में 100 किसान सम्मिलित होकर लाभान्वित हुए

कार्यकम के प्रारम्भ पूर्व दीप प्रज्वलन प्रदेश अध्यक्ष विरेन्द्र लोहान, सचिव भूपेन्द्र दुबे, दिलीप राठौर, संजय गोहिल एवं हर्षित पढ़ियार द्वारा किया गया। इसी कड़ी में शनिवार को केले की उन्नत खेती के विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बिलासपुर, जशपुर, महासमुन्द सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों के किसान प्रशिक्षण लेकर लाभान्वित हुए। छत्तीसगढ़ युवा प्रगतिशील किसान संघ का मूल उद्देश्य धान लगाने वाले किसानों को बागवानी फसल उत्पादन करने की तरफ प्रेरित करना है। केला प्रशिक्षण कार्यक्रम में खेत की तैयारी से लेकर फसल कटाई तक सम्पूर्ण जानकारी दिया गया। संघ भवन में आयोजित इस प्रशिक्षण उपरान्त चावड़ा फार्म गोमची में किसानों को फील्ड विजिट कराया गया जहां वर्तमान में केले की फसल लगी हुई है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में लगभग 100 किसान सम्मिलित होकर लाभान्वित हुए। कार्यक्रम में एकेएफसे दीप चौहान द्वारा यह प्रशिक्षण दिया गया। फील्ड विजिट के लिए चावड़ा फार्म से भाविन चावड़ा द्वारा पूर्ण सहयोग किया गया है।

इस प्रशिक्षण से यह प्रयास किया गया कि किसान पारंपरिक खेती के अलावा उन्नत खेती की ओर भी अग्रसर होंगे।

## सामाजिक व राजनीतिक क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी होनी चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

तहसील साहू समाज पाटन के द्वारा दो दिवसीय 20 एवं 21 अप्रैल को विशाल भक्त माता कर्मा, दानवीर भामाशाह की जयंती एवं सामूहिक आदर्श विवाह का आयोजन सम्पन्न हुआ। प्रथम दिवस के मुख्य अथिति पूर्व मंत्री रमशीला साहू एवं विशेष अतिथि महिला प्रकोष्ठ साहू संघ के उपाध्यक्ष चंद्रिका साहू थीं। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विशेष अतिथि चंद्रिका साहू ने कहा कि मैं अपने आप को सौभाग्यशाली एवं समाज के वरिष्ठजनों की आर्शीवाद से मैंने जिस समाज मे जन्म लिया। उस समाज की संगठन की विभिन्न पद पर रहते हुए सेवा करने का अवसर मिल रही हैं। साहू ने आगे कहा कि सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र में समाज की महिलाओं की भी भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए। जिससे समाज संगठन को और मजबूत की जा सकती हैं। साथ ही समाज में अपने बच्चों को अच्छी संस्कार एवं नशा से रखे जिससे आने वाले पीढ़ी के लिए साहू समाज मिशाल बन जाये।

■ जिस समाज में जन्म ली उस समाज की सेवा करने का अवसर मिलना मेरी सौभाग्य: चंद्रिका



## बिजनेस साइट

### श्री सांई कॉलेज विज्ञान क्लब में विश्व पृथ्वी दिवस आयोजित





**भिलाई।** नंदनी स्थित श्री सांई महाविद्यालय के विपनेट द्वारा पंजीकृत विज्ञान क्लब के सदस्यों ने विश्व पृथ्वी दिवस मनाया। इसके अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता ड्राइंग एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका विषय हमारी पृथ्वी का पुनर्स्थापना था। उक्त प्रतियोगिता में बीएड एवं पीजीडीसीए के छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर संस्था के प्रशासनिक अधिकारी कमलेश्वर बारले ने विश्व पृथ्वी दिवस क्यों मनाया जाता है पर प्रकाश डाला उन्होंने बताया कि इस वर्ष पृथ्वी 2024 की थीम प्लेनेट वर्सेस प्लास्टिक अर्थात ग्रह बनाम प्लास्टिक है अतः छात्रों को इस थीम के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए पृथ्वी पर बढ़ रहे प्लास्टिक पॉल्यूशन के बारे में जागरूक किया गया और उन्हें यह शपथ भी दिलाई गई कि इसके खिलाफ आसपास के लोगों में भी वे जागरूकता लाने का प्रयास करेंगे। प्राचार्य सुनीता अग्रवाल ने प्लास्टिक के इस्तेमाल को कम करना और प्लास्टिक के कचरे की सफाई के बारे में विस्तृत जानकारी दिया जिसमें रियूजेबल शॉपिंग बैग्स बॉटल्स का उपयोग व सिंगल उपयोग वाले प्लास्टिक का इस्तेमाल बंद करना एवं एक फ्रेंडली अल्टरनेटिव का चुनाव करने की जानकारी दी। छात्रों को यह भी बताया गया कि प्लास्टिक पॉल्यूशन को कम करने में हर व्यक्ति का एक अहम योगदान होता है। इस कार्यक्रम का आयोजन संस्था के क्लब को- ऑर्डिनेटर प्रमिला चौहान ने किया और कार्यक्रम में व्याख्यातागण रीतु, सुकमल, शभारती, रेवा राम, रितेश श्रीवास्तव, केके प्रसाद, मोहन विश्वकर्मा, यशस्वी वर्मा, तिलस्मी बघेल और भुवनेश्वर आदि भी उपस्थित थे। यह जानकारी संस्था के अध्यक्ष सरिता विश्वकर्मा ने दिया।

# बिल्डर ने कलेक्टर को दस्तावेज सौंपकर मांगा न्याय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दुर्ग कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के पास भिलाई के बिल्डर योगेश पांडेय ने न्याय की गुहार लगाई है। उसने कहा कि कुछ जमीन दलाल किसानों को आगे कर उन्हें ब्लैकमेल कर रहे हैं। गृहमंत्री से उनके खिलाफ शिकायत कराई गई है। योगेश ने कलेक्टर से कहा कि वो आरआई पटवारी से जमीन की नाप कराएं और एक इंच भी किसान की जमीन उनके पास निकले, तो वो उसे सहर्ष लें, लेकिन उन्हें ब्लैकमेल होने से बचाएं। इस समय चंदूलाल चंद्राकर मेडिकल कॉलेज के शासकीय होने के बाद से कुरूद क्षेत्र की जमीन पर भू-माफियाओं की खासी नजर है। वे लोग कुरूद के भोलेभाले किसानों को झांसे में लेकर कुनकी जमीन औने-पौने दाम में खरीद रहे हैं। इसके बाद उनके पूरे हिस्से पर अपना हक जमाकर जमीन पर कब्जा कर रहे हैं। ऐसे में यहां बिल्डर और भू-माफियाओं के बीच विवाद गहराता जा रहा है। कुछ दिन पहले इसी तरह का एक मामला गृहमंत्री विजय शर्मा के पास पहुंचा था। कुरूद गांव के किसानों ने आरोप लगाया कि उनकी जमीन पर बिल्डर योगेश पांडेय ने कब्जा कर लिया है। जैसे ही ये मामला मीडिया में सामने आया, योगेश पांडेय कलेक्टर के पास पहुंचे और पूरी बात बताई।



### किसानों को दूंगा भू-माफियाओं को नहीं

महावीर डेवलपर्स के संचालक योगेश पाण्डेय ने बताया कि उन्हें भू-माफिया अजहरुद्दीन उर्फ अजहर अंसारी, रहीम और विनय प्रसाद मिलकर ब्लैकमेल कर रहे हैं। वे उनसे पैसों की मांग कर रहे हैं। पैसे नहीं देने पर किसानों को आगे कर उनके खिलाफ कार्रवाई कराने की धमकी दी जा रही है। वहीं योगेश का कहना है कि उसने कलेक्टर से कहा है कि वो उनकी जमीन का सीमांकन फिर से करवा लें। अगर किसान की एक इंच भी जमीन निकल रही है, तो वो सहर्ष उन्हें वापस कर देंगे, लेकिन ऐसे जमीन दलालों और भू-माफियाओं को एक फूटी कौड़ी तक नहीं देंगे।

### बंदोबस्त त्रुटि के चलते बढ़ा किसानों का रकबा

योगेश पाण्डेय ने बताया कि जिस जमीन को लेकर किसान रोहिस साहू, राजेंद्र साहू और अशोक साहू ने शिकायत की है, उसका सीमांकन कई बार हो चुका है। उन किसानों की जमीन पटवारी नक्शे के मुताबिक मौके पर केवल 80 डिसमिल है, जबकि बंदोबस्त त्रुटि के चलते रिकॉर्ड में जमीन का रकबा एक एकड़ 60 डिसमिल दिख रहा है। योगेश पांडेय ने बताया कि कुरूद गांव के दो किसानों को कुछ जमीन दलाल मोहरा बनाकर उनके खिलाफ साजिश कर रहे हैं। जिन किसानों ने उनके ऊपर आरोप लगाया है, वो अपनी जमीन पहले ही बेच चुके हैं। उस जमीन पर प्लॉट काटकर कईयों को बेचा भी जा चुका है। जिन भू-माफियाओं ने वो जमीन खरीदी है, वे उन किसानों की जमीन को और अधिक बताकर योगेश को उसकी जमीन पर बाउंड्रीवॉल नहीं बनाने दे रहे हैं। उन्हें ब्लैकमेल कर पैसों की डिमांड की जा रही है।

## बिजनेस साइट

### लार्ज कैप फंड के माध्यम से लॉन्गटर्म में वेल्थ क्रिएशन

**रायपुर।** जब इक्विटी निवेश की बात आती है, तो निवेशकों के पास लार्ज, मिड और स्मॉल कैप के बीच चयन करने का विकल्प होता है। पिछले एक साल में, मिड और स्मॉल कैप प्रचलन में रहे हैं और अब तक उन्होंने महत्वपूर्ण निवेश आकर्षित किया है। परिणामस्वरूप, आज उनका मूल्यांकन बढ़ा हुआ दिखाई देता है। हालांकि, लार्ज कैप एक ऐसी पॉकेट है जो अभी भी मूल्यांकन के मामले में काफी उचित लगती है।

लार्ज कैप पर विचार करने का एक और कारण यह है कि वैश्विक विकास-मुद्रास्फीति (ग्लोबल ग्रोथ-इन्फलेशन) की गतिशीलता और वैश्विक स्तर पर बदलते राजनीतिक घटनाक्रम संभावित रूप से निकट अवधि में अस्थिरता पैदा कर रहे हैं। भारत की मजबूत मौलिक स्थिति के बावजूद, लार्ज कैप के संपर्क से समग्र पोर्टफोलियो पर अस्थिरता के प्रभाव को कम करने में मदद मिलेगी। यहां, लार्ज कैप में निवेश करने का सबसे आसान तरीका लार्ज कैप आधारित म्यूचुअल फंड की पेशकश है।

**लार्जकैप फंड क्यों?**- लार्ज कैप म्यूचुअल फंड ऑफर्स मुख्य रूप से भारत में शीर्ष 100 सूचीबद्ध कंपनियों में निवेश करती हैं। ये पर्याप्त बाजार पूंजीकरण वाली, प्रमाणित ट्रैक रिकॉर्ड, मजबूत बैलेंस शीट, कॉर्पोरेट गवर्नेंस पर मजबूत और आम तौर पर मौलिक रूप से मजबूत कंपनियां मानी जाती हैं। इन विशेषताओं को देखते हुए, ये कंपनियां सेक्टर लीडर भी बनती हैं। नतीजतन, इन नामों में देखी जाने वाली कीमत में अस्थिरता भी बाजार के अन्य क्षेत्रों की तुलना में कम होती है। इसलिए, यदि आप ऐसे निवेशक हैं जो इक्विटी में निवेश करना चाहते हैं, लेकिन अस्थिरता से बचना चाहते हैं, तो लार्ज कैप ऑफर पर विचार किया जा सकता है। इस तरह की ऑफर में न्यूनतम अस्थिरता के साथ उचित ग्रोथ प्रदान करने की क्षमता है। जब लार्ज कैप फंड चुनने की बात आती है तो भारतीय निवेशक कई ऑफर्स चुन सकता है। इस कैटेगरी में सबसे पुराने, सबसे बड़े और लगातार प्रदर्शन करने वालों में से एक आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल ब्लूचिप फंड रहा है। यह फंड प्रमाणित ट्रैक रिकॉर्ड, गुणवत्ता प्रबंधन और अच्छी ग्रोथ क्षमता प्रदान करने वाली उच्च विश्वास वाली लार्ज कैप कंपनियों में अपने खरीद और होल्ड दृष्टिकोण के लिए जाना जाता है। 29 फरवरी, 2024 तक, फंड ने एक साल में 39.37 प्रतिशत का प्रभावशाली रिटर्न दिया और तीन और पांच वर्षों में क्रमशः 20.42 प्रतिशत और 18.74 प्रतिशत का बेहतरीन रिटर्न दिया। परिणामस्वरूप, फंड ने न केवल अपने बेंचमार्क को पछाड़ दिया है बल्कि अपनी कैटेगरी के औसत से बेहतर प्रदर्शन भी किया है।



अनूप कुमार गोस्वामी
म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर, भिलाई

**आम सूचना**

.कं.न.से.वि./संपदा/लीज/2024/566(2)
Dated: 04.03 2024

एतद् द्वारा सर्व साधरण को सूचित किया जाता है कि SMT. JAREENA BANU भिलाई इस्पात संयंत्र के भू-खण्ड में निर्मित Qr.No. 041D/0LC/C1(0LC) भिलाई के आबंटन आदेश क्रमांक BSP/AGM(Lease)/SELHS-2002/PH-IV/1096, Dated 03.01.2003 के अनुसार लीजधारक है।

लीजधारक SMT. JAREENA BANU के देहान्त उपरान्त उनके पुत्र JAMEER AHMAD ने लीज में आबंटित आवास Qr.No. 041D/0LC/C1(0LC), भिलाई का नामान्तरण अपने पक्ष में करने हेतु कार्यालय में आवेदन किया हैं।

उक्त लीज आवास Qr.No. 041D/0LC/CI (OLC), भिलाई के ढ़ांचा संबंधी हस्तांतरण पर यदि किसी व्यक्ति, वारिसान, व्यक्तियों, शासकीय / अर्ध शासकीय कार्यालय, बैंकों, या वित्तीय संस्थाओं आदि को इस बाबत कोई आपत्ति, दावा, बंधक पत्र, देनदारी उजर हो, तो इस आम सूचना के प्रकाशन के 15 दिनों के अंदर अपनी आपत्ति दावा अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मूल दस्तावेजों के साथ स्वयं उपस्थित हो कर प्रस्तुत कर सकते हैं। सनद रहे कि उपरोक्त म्याद/अवधि के बाद प्राप्त होने वाली आपत्ति दावा पर विचार नहीं किया जावेगा एवं नामान्तरण की अगली कार्यवाही जारी रहेगी।

मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय मुहर के साथ जारी किया गया।

(मुहर) प्रबंधक (आवास लीज)
नगर सेवा विभाग, भिलाई इस्पात संयंत्र

**न्यायालय तहसीलदार बोरी, जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**।। ईशतहार ।।**

रा.प्र.क्र.-202403102700052/ ब-121/
वर्ष 2023-24

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक भागवत प्रसाद साहू पिता स्व. जीवनलाल साहू, जाति तेली, निवासी ग्राम डोंड़की, तहसील बोरी, जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा अपने पिता स्व. जीवनलाल साहू पिता सुखीराम की मृत्यु दिनांक 03.04.2021 को ग्राम डोंड़की, तहसील बोरी में होने के कारण उपरोक्तानुसार मृत्यु प्रमाण पत्र आदेश प्रदाय किये जाने हेतु आवेदनपत्र मय शपथपत्र, पटवारी प्रमाणपत्र, ग्राम पंचायत अप्राप्यता प्रमाणपत्र सहित आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जोकि इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्तानुसार आवेदक को उनके पिता जीवनलाल साहू पिता सुखीराम का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति / दावा हो तो वे नियत समय में स्वयं अथवा अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ सुनवाई दिनांक 26.04.2024 को या उसके पूर्व उपस्थित होकर अपना आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक. 08.04.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

(मुहर) तहसीलदार
बोरी

**आम सूचना**

कं.न.से.वि./ संपदा/ लीज/ 2024/ 475(2),
DATED 03.02.2024

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि SHRI GAJRAJ SINGH भिलाई इस्पात संयंत्र के भूखंड में निर्मित QR.No. 022B, STREET N0. AVB, SECTOR-02 (01R) भिलाई के आवंटन आदेश क्रमांक DGM (TA)/ SELHS (57) 2001/II, DATED 08/11/2001 के अनुसार लीजधारक है।

लीजधारक SHRI GAJRAJ SINGH के देहांत उपरांत उनके पुत्र SHRI ARUN KUMAR SINGH ने लीज में आबंटित आवास QR.No. 022B, STREET N0. AVB, SECTOR- 02 (01R) भिलाई का नामांतरण अपने पक्ष में करने हेतु कार्यालय में आवेदन किया है।

उक्त लीज आवास QR.No. 022B, STREET N0. AVB, SECTOR- 02 (01R), भिलाई के ढांचा संबंधी हस्तांतरण पर यदि किसी व्यक्ति, वारिसान, व्यक्तियों, शासकीय / अर्धशासकीय कार्यालय, बैंकों या वित्तीय संस्थाओं आदि को इस बाबत कोई आपत्ति, दावा, बंधक पत्र, देनदारी उजर हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन के 15 दिनों के अंदर अपनी आपत्ति/ दावा अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मूल दस्तावेजों के साथ स्वयं उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। सनद रहे कि उपरोक्त म्याद/ अवधि के बाद प्राप्त होने वाली आपत्ति / दावा पर विचार नहीं किया जावेगा एवं नामांतरण की अगली कार्रवाई जारी रहेगी।

मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय मुहर के साथ जारी किया गया।

प्रबंधक (आवास लीज)
नगर सेवा विभाग, भिलाई इस्पात संयंत्र

**खबर संक्षेप**

### आज व्यय प्रेक्षक लेंगे प्रशिक्षण

**दुर्ग।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 07 दुर्ग के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक के द्वारा 23 अप्रैल 2024 को दोपहर 12 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष दुर्ग में निर्वाचन व्यय अनवीक्षण (ईईएम) के संबंध में निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यार्थियों हेतु प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। उक्त बैठक में विधिमान्य अभ्यर्थियों को उपस्थिति सुनिश्चित करने कहा गया है। वही भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 07 दुर्ग के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक के द्वारा 23 अप्रैल 2024 को प्रातः 11 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष दुर्ग में आदर्श आचरण संहिता के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया है। उक्त बैठक में विधिमान्य अभ्यर्थियों को उपस्थिति सुनिश्चित करने कहा गया है।

### बिजली टावर में चढ़कर अधेड ने लगाई फांसी

**भिलाई।** एक अधेड ने बिजली टावर में चढ़कर फांसी लगा लिया है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। परिजनों ने सुबह शव को लटकते देखा।जामुल पुलिस ने बताया कि एसीसी चौक जामुल निवासी आत्माराम निषाद 48 वर्ष बिजली टावर में चढ़कर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। आत्माराम घर में बिना बताए निकला था। मृतक हमाली का काम करता था। देर शाम तक आत्माराम घर नहीं लौटा, तो परिजनों ने उसकी तलाश करना शुरु कर दिया। सुबह तक घर ना लौटने पर परिजन जामुल थाने में शिकायत करने पहुचने वाले ही थे कि उन्हें जानकारी मिली की किसी ने टावर में चढ़कर आत्महत्या किया है। जिसे देखने टावर के पास परिजन पहुचे टावर पर लटकी लाश आत्मराम निषाद की निकली। लाश को देख परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। शव को टावर से पुलिस ने नीचे उतारा और उसे पीएम के लिए भेज दिया। मृतक आत्माराम के दो बेटे और एक बेटी है। दोनों बेटे निजी कंपनी में नौकरी करते हैं। आत्महत्या का कारण अज्ञात है। परिजनों के मुताबिक कुछ माह पूर्व सड़क हादसे में पैर टूट गया था। वे चल फिर नहीं पाते थे। ऐसी हालत में आत्माराम टावर पर कैसे चढ़ा और फांसी लगा ली। संदिग्ध प्रतीत हो रहा है।

# ईव्हीएम और वीवीपैट कमीशनिंग के लिए दिया गया प्रशिक्षण

## मशीनों के तकनीकी पहलुओं को समझाया गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में आज लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 07 दुर्ग अंतर्गत विधानसभा 62-पाटन, 63-दुर्ग ग्रामीण, 64-दुर्ग शहर, 65-भिलाई नगर, 66-वैशाली नगर, एवं 67-अहिवारा के उपयोग होने वाले ईव्हीएम एवं वीवीपैट मशीनों की कमीशनिंग तथा माकपोल कार्य के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण भिलाई इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी महाविद्यालय (बी.आई.टी.) दुर्ग में आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर्स द्वारा बताया गया कि कमीशनिंग का मतलब है, मशीन को मतदान के लिए तैयार करना। इसमें वीवीपैट में पर्चियों के विवरण प्री फीड करना, पेपर रोल लगाना, बीयू में मतपत्र सेट करना और मतदान के लिए बटनों को उपलब्ध कराना, सीयू में अभ्यर्थियों की संख्या निर्धारित करना, सील करना इत्यादि के बारे में विस्तार से बताया गया। इसके साथ ही ईव्हीएम एवं वीवीपैट मशीनों के तकनीकी पहलुओं से अवगत कराया गया। ईव्हीएम एवं वीवीपैट कमिशनिंग कार्य बहुत जिम्मेदारी वाला कार्य है। इसमें न केवल मशीन को मतदान के लिए तैयार किया जाता है, वरन इसे समुचित तरीके से सील भी किया जाता है ताकि किसी छेड़छाड़ की आशंका को समाप्त किया जा सके। निर्वाचन कार्य के अबाधित एवं सुचारू रूप से संपादन के लिए कमीशनिंग कार्य का पूर्ण गुणवत्तापूर्वक किया जाना आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों को कमीशनिंग के दौरान उचित ढंग से सिलिंग करने कहा। कमीशनिग का कार्य महत्वपूर्ण और संवेदनशील है। इसे गंभीरतापूर्वक करने की आवश्यकता है। टीम भावना के साथ समय का अनुपालन करते हुए कार्य सुनिश्चत करेंगे। प्रत्येक मशीन के लिए चेक लिस्ट उपलब्ध कराया जाएगा।

ईव्हीएम एवं वीवीपैट कमीशनिंग में बताया गया कि मॉकपोल के पूर्व ईवीएम और वीवीपैट का संयोजन और मॉकपोल का संचालन, मॉकपोल के पूर्व बीयू, सीयू और वीवीपैट का संयोजन, मतदान प्रारंभ करने के पूर्व ईवीएम तथा वीवीपैट को क्लियर करने के संबंध में जानकारी दी गई। मॉकपोल के पूर्ण होने के उपरांत मतदान प्रारंभ करने के पूर्व कन्ट्रोल यूनिट एवं वीवीपैट को सावधानीपूर्वक सीलबंद करने के संबंध में जानकारी दी गई। इसके साथ ही ईव्हीएम एवं वीवीपैट मशीनों की तकनीकी जानकारी और मतदान प्रक्रियाओं के संबंध में विस्तार से बताया गया। प्रशिक्षण के दौरान बताया कि ईव्हीएम के सभी भागों-सीयू, बीयू, वीवीपैट का पूरे सेट का एक साथ कमीशनिंग किया जाएगा। प्रत्येक सीयू में दो एड्रेस टैग, प्रत्येक बीयू में एक मतपत्र, तीन एड्रेस टैग और एक पेयर पिंक पेपर सील, प्रत्येक वीवीपैट में दो एड्रेस टैग, ट्वीन धागा, चपड़े, सामग्री की आवश्यकता होगी। कमीशनिंग के लिए शुरूआत वीवीपैट से करना है। ईव्हीएम का कंट्रोल यूनिट बेहद संवेदनशील भाग है।

## नहीं कराने पर ठेकेदारों से बीमा व मुआवजे की भरपाई की दी चेतावनी

# बीएसपी में आठ हजार मजदूरों का अभी तक नहीं हुआ दुर्घटना बीमा

### बीडब्ल्यूयू ने सभी मजदूरों का दस लाख बीमा कराने का लिया निर्णय



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र में काम करने वाले सभी ठेकेदारों का दुर्घटना बीमा कराने के लिए बीएसपी वर्कर्स यूनियन ने ठेकेदारों पर दबाव बढ़ाना शुरु कर दिया है। यूनियन ने ठेकेदारों से बाकी बचे मजदूरों दस लाख का दुर्घटना बीमा जल्द करवाने की मांग की है। ऐसा नहीं किए जाने पर दुर्घटना होने पर हानि होने पर बीमा राशि व मुआवजे की भरपाई संबंधित ठेकेदारों की जेब से करवाए जाने की चेतावनी दी है।

बीएसपी में 22 हजार हजार ठेका मजदूरों के गेट पास बनाए गए हैं। इनमें 19 हजार श्रमिक संयंत्र के अंदर और टाउनशिप में काम कर रहे हैं। बीडब्ल्यूयू की हुई बैठक में बीएसपी के श्रमिकों के शोषण और उनके बदतर स्थिति पर चर्चा हुई। सभी मजदूरों का दस लाख का बीमा करवाने का निर्णय लिया गया। यूनियन के अध्यक्ष उज्ज्वल दत्ता ने बताया कि संयंत्र में जब ठेका श्रमिक दुर्घटना के शिकार हो जाते है, तो मुवावजे को लेकर प्रभावित परिवार को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इसे देखते हुए बीएसपी वर्कर्स यूनियन ने बीएसपी प्रबंधन के सामने सभी ठेका श्रमिकों का 10 लाख का बीमा करवाने की मांग रखी थी। इसके लिए दबाव भी बनाया। यूनियन के प्रयास से बीएसपी में सभी ठेका श्रमिकों का 10 लाख का बीमा करवाने का निर्णय किया गया है। इसका प्रीमियम मात्र 261/- रूपये सालाना है। इसका पालन करते हुए कुछ ठेकेदारों ने श्रमिकों का 10,00000/- रूपये का दुर्घटना बीमा करवाया है, और अभी तक 11,000 श्रमिकों का दुर्घटना बीमा करवाया जा चुका है। लेकिन मात्र चंद रुपए बचाने के लिए 8 हजार श्रमिकों का बीमा नहीं कराया है। बैठक में ऐसे ठेकेदारों को चेतावनी दी गई है कि वे जल्द अपने ठेका श्रमिक का दुर्घटना बीमा करवा ले। ऐसा नहीं किए जाने पर दुर्घटना होने पर जनहानि या किसी प्रकार की हानि होती है तो इसके लिए ठेकेदार इसके लिये स्वयं जिम्मेदार होंगे। मुवावजे और बीमा की रकम का पाई पाई भुगतान उनको अपनी जेब से करना होगा।

**बढ़ी हुए एडब्ल्यूए का भुगतान करें**

सबकमेटी की बैठक में मजदूरों की एडब्ल्यूए का राशि बढ़ाए जाने का निर्णय हुआ था। लेकिन बीएसपी में अब तक उन्हें एडब्ल्यूए की राशि का भी भुगतान नहीं किया जा रहा है। उज्जवल दत्ता ने बताया की यूनियन द्वारा जल्द भुगतान कराने की मांग की गई। कई मजदूरों ने शिकायत में बताया कि ठेकेदार श्रमिकों के खाते में वेतन जमा करता है जिसमें से 3 हजार वापस ले लेता है। बहुत से ठेकेदार श्रमिकों के पासबुक तथा एटीएम कार्ड अपने पास रख लेते हैं, जिसका मजबूरी में मजदूर काम से हटा देने की धमकी के डर से विरोध नही कर पाते हैं। बैठक में महासचिव खूबचंद वर्मा, शिवबहादुर सिंह, सहित अमित बर्मन, सुरेश सिंह, मनोज डडसेना, प्रदीप सिंह, विमल पांडे, आलोक सिंह, कृष्णमूर्ति, राजकुमार सिंह आदि पदाधिकारी उपस्थित थे।

# क्रेशर खदान में नियमों का पालन नहीं, थमाई नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

ग्राम डूमरडीहकला में पत्थर खदान के पास क्रेशर संचालन की शिकायत अब पर्यावरण संरक्षण मंडल में की गई है। राजनांदगांव के ग्राम डुमरडीह में पिछले लंबे समय से नियमों को ताक पर रखकर क्रेशर प्लांट का संचालन किया जा रहा है। जिसकी शिकायत पर्यावरण विभाग को मिलने के बाद संचालक को पन्द्रह दिन की नोटिस दी गई है।

मामले में लगातार राजनांदगांव जिला प्रशासन व खनिज विभाग से शिकायत हुई है। लेकिन समिति गठित होने के बाद भी संचालित क्रेशर खदान में जांच नहीं की गई। जांच टीम ने खदान का सीमांकन तक नहीं कराया है। इधर खदान के साथ क्रेशर मशीन का संचालन भी चालू है, जिससे निकलने वाले धूल से राहगीरों के साथ ग्रामीण परेशान है। शिकायतकर्ता विवेक कुमार शर्मा ने प्रशासनिक जांच नही होने पर भिलाई पर्यावरण विभाग में इसकी लिखित शिकायत की थी। शिकायतकर्ता विवेक शर्मा ने बताया कि, पंचायत से एनओसी नहीं होने के भी अवैध तरीके से स्टोन क्रेशर संचालन किया जा रहा है। यहां खसरा नंबर 106 में क्रेशर का संचालन हो रहा है, जो पूरी तरह अवैध है। पर्यावरण संरक्षण मंडल में खदान व क्रेशर संचालक निर्धारित मापदंड का पालन नहीं कर रहे हैं। जबकि नियमानुसार क्रेशर मशीन को ढककर रखना है। पानी का भी छिड़काव करना है, लेकिन इन नियमों का पालन नही हो रहा है।

**नोटिस जारी**

“ डुमरडीहकला क्रेशर खदान की शिकायत मिली थी। संचालक को तय मापदंड के तहत संचालन के लिए नोटिस दिया गया है। इसके बाद कार्यवाही होगी।

**देवव्रत मिश्रा**
आरओ, पर्यावरण विभाग दुर्ग

### जिला चिकित्सालय में फेटल डॉप्लर उपलब्ध कराई गई

**दुर्ग।** जिला चिकित्सालय के अंतर्गत मातृत्व शिशु विभाग के गयनिक प्रमुख और लेबर रूम की सिस्टर इंचार्ज ममता शर्मा को एक फेटल डॉप्लर जीवन दीप समिति के स्थाई सदस्य दिलीप ठाकुर द्वारा प्रदान किया गया है। मशीन गर्भस्थ शिशु के ह्रदय के धड़कन के अवलोकन हेतु महत्व पूर्ण और उपयोगी होता है। विदित हो की इसके पूर्व भी दिलीप ठाकुर द्वारा फेटल डॉप्लर मशीन उपलब्ध की गई थी। ये मशीन जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन सह अधीक्षक डॉ. ए.के. साहू के हाथो से तत्संबंधित विभाग में सौपा गया। इस अवसर पर आरएमओ डॉ. ए.के. यादव, डॉ. आर.के. नायक, डॉ.संजय बालबेंद्रे जीवन दीप समिति के स्थाई सदस्य दिलीप ठाकुर मानद सदस्य प्रशांत डोंगावकर, डॉ. ममता पांडे, ममता शर्मा स्टोर इंचार्ज रमन गंधर्व उपस्थित थे।



## बीएसपी ने रेलवे को 350 हीट ट्रीटेड रेल की दूसरी रेक भेजी

**भिलाई।** सेल–भिलाई इस्पात संयंत्र ने 260 मीटर लंबाई वाली 350 हीट–ट्रीटेड रेल की 1000 टन की दूसरी रेक भारतीय रेलवे को भेजी। रेलवे, हायर एक्सल लोड के साथ रेल परिवहन को और भी तेज करने के लिए आधुनिकीकरण की ओर अग्रसर है। इसके लिए भारतीय रेलवे की ओर से, सेल द्वारा उत्पादित माइक्रो–अलाय रेल और हीट–ट्रीटेड रेल दोनों की मांगों में बढोत्तरी हुई है।

बीएसपी छह दशकों से भी अधिक समय से भारतीय रेलवे की वांछित ग्रेड में रेल की मांगों को पूरा कर रहा है। संयंत्र अपने आधुनिक यूनिवर्सल रेल मिल से 130 मीटर वाली दुनिया की सबसे लंबी रेल बनाता है। साथ ही भारतीय रेलवे को 260 मीटर वेल्डेड रेल पैनल की भी आपूर्ति करता है। माइक्रो–अलाय रेल की आवश्यकता को पूरा करने के लिए, नए 60 ई–1 प्रोफाइल के साथ त–260 रेल का एक नया ग्रेड विकसित किया था। रेल के इस नए ग्रेड उत्पाद की मानक और विशिष्टताएं, बीएसपी द्वारा पूर्व में उत्पादित ग्रेड–880 या यूटीएस–90 रेलों की तुलना में अधिक है।

**घर्षण को कम करेगा**

विशेष ग्रेड हीट–ट्रीटेड रेल, अभी भारत के दक्षिणी भागों में फील्ड परीक्षणों के अधीन है। कई बार एक्सल लोड अधिक होने के साथ साथ ट्रेनों की गति तेज और धीमी होने के परिणामस्वरूप, ट्रेनों के पहिये और पटरियों के बीच घर्षण अधिक होता है। रेल परिवहन के ऐसे हिस्सों में पहिये और पटरियों के बीच घर्षण को कम करने के लिए यह विशेष ग्रेड हीट–ट्रीटेड रेल सबसे उपयुक्त है।

## प्राण घातक हमला करने वाले पांच बाराती पुलिस गिरफ्त में



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बराती बनकर पहुचे पांच युवक और एक अपचारी बालक मिलकर प्राणघातक हमला कर फरार हो गए थे। शिकायत के बाद पुलिस ने 6 आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी हरीश पाटिल ने बताया कि वार्ड 16 परसदा कुम्हारी निवासी रुपेश यादव पर प्राणघातक हमला करने वाले सिकोला बस्ती वार्ड 15 दुर्ग निवासी गिरीराज यादव, प्रशांत उर्फ दुबालू यादव, निखिल वर्मा उर्फ बॉबी, वार्ड 97 मोहरा दुर्गा चौक बसंतपुर राजनांदगांव वर्तमान में वार्ड 15 दुर्ग मुकेश मंडावी, तिरंगा चौक मोहन नगर वासू यादव और एक अपचारी बालक को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी युवकों ने रुपेश और उसके चचेरा भाई धर्मेन्द्र यादव पर हमला कर दिया। घटना में रुपेश को गंभीर चोट आई है। पकड़े गए आरोप बराती बनकर ग्राम मोहंदी से आए हुए थे। पीड़ित के रिश्तेदार जयराम यादव के यहां शादी समारोह था। घराती और बराती मिलकर डांस कर रहे थे। तभी धक्का मुक्की होने से बारात में शामिल होने आए युवकों ने विवाद करना शुरु कर दिया। विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपियों ने अपने पास रखे हथियार से रुपेश पर हमला कर दिया। विवाद में बीच-बचाव करने पहुचे धर्मेन्द्र पर भी आरोपियों ने मारपीट कर फरार हो गए। घायलों को आसपास के लोगों ने उपचार के लिए अस्पताल उपचार के लिए भेजा गया। शिकायत के बाद पुलिस ने पांच युवक और एक अपचारी बालक को पकड़ लिया है।

■ एक अपचारी बालक भी शामिल है

## विश्व पृथ्वी दिवस पर सेक्टर 6 में पौधारोपण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सेल–भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा विश्व पृथ्वी दिवस पर टाउनशिप के सेक्टर–6 क्षेत्र में पौधारोपण किया गया। मुख्य महाप्रबंधक डीएल मोइत्र, उमा कटोच, के प्रवीण और उप महाप्रबंधक विष्णु पाठक, डां. एन के जैन बी अनुराधा आदि उपस्थित थे। श्री मोइत्र ने कहा कि टाउनशिप के कर्मचारियों और नागरिकों को धरती की रक्षा के लिए मिलकर काम करने का आह्वान करते हुए कहा कि सभी नागरिक अपने छोटे–छोटे प्रयासों जैसे प्लास्टिक के उपयोग से बचना, पेड़ लगाना, कचरा कम फैलाना आदि के माध्यम से जलवायु परिवर्तन को रोकने में अपना योगदान दे सकते हैं। उल्लेखनीय है बीएसपी ने अपने स्थापना काल से ही पर्यावरण एवं प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। बीएसपी ने अपने संयंत्र परिसर, टाउनशिप और खदानों में 50 लाख से अधिक पेड़ लगाए हैं। इसके अतिरिक्त अपने सीएसआर पहल के तहत सड़क किनारे पौधारोपण प्रयासों में भी योगदान दिया है।

## भिलाई संयंत्र में लोको डिरेल, तीन डिब्बे पलटे

### टली दुर्घटना, कोई हताहत नहीं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के लोको यार्ड में एक बड़ी दुर्घटना होते होते बच गई। अधिक स्पीड से जा रही एक खाली लोको के डिरेल होने से तीन डिब्बे पलट गए। घटना में लोको पायलट बाल बाल बच गया।

बीएसपी के अंदर टीएंडडी के टीटी यार्ड में अचानक एक माल गाड़ी डिरेल हो गई। शनिवार को लोको लोडिंग के लिए जा रही थी। ट्रैक चेंज करने के दौरान अचानक लोको अनियंत्रित होने से आगे डेड एंड से चकराकर पलट गई। बताते हैं कि लोको के तीन खाली डिब्बे जमीन पर पलट गए। घटना स्थल पर किसी कर्मचारी के नहीं होने से कोई हताहत नहीं हुआ। लोको पायलट भी बैक में बैठे होने से बाल बाल बच गया। डिरेल हुए तीनों डिब्बों को क्रेन से हुकिंग कर ट्रैक पर लाया गया। बीएसपी में लोको पायलट आउडसोर्सिंग पर हैं।

### सेक्टर एक चौक पर बना सियान चौपाल

## बुजुर्गों को अनुभव साझा करने अब भटकने की जरुरत नहीं




हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र से सेवानिवृत्त कर्मचारियों को अब टाउनशिप में फुरसत के लम्हों में साथियों के साथ सुख दुख बांटने के लिए भटकने की जरुरत नहीं है। शाम गुजारने के लिए सेक्टर 1 चौक पर बस स्टाप की तर्ज पर सियान चौपाल का निर्माण किया गया है। इस पहल से सियानों में हर्ष है।

टाउनशिप के सेक्टर एक में रिटायर लोगों की संख्या सर्वाधिक है। समूहों में बुजुर्ग वर्षों से शाम को हवाखोरी के लिए टहलते हुए सुस्ताकर बतियाने के लिए चंद्रा मौर्या अंडरब्रिज सेक्टर एक चौक पर बैठ रहे हैं। वहीं कुछ लोग सड़क किनारे वाकिंग करते ठीये की तलाश में भटकते रहते थे। ऐसे बुजुर्गों के लिए अब सेंट्रल एवेन्यू सेक्टर एक चौक पर सियान चौपाल का निर्माण किया गया है। वे यहां बैठकर बड़े आराम से अपने अनुभवों को साझा करते हुए रिलेक्स हो सकेंगे। बस स्टाप की तरह स्टील से नवनिर्मित सियान चौपाल आकर्षक होने के साथ आराम से बैठने की सुविधा भी है। अंदर लोहे की चार बेंचें भी हैं।भी धूप और बारिश से बचने ऊपर शेड है। इसके बन जाने से अब बुजुर्ग सुकून से यहां बैठ आपस में बोल बतिया सकते हैं। सियान चौपाल के निर्माण होने से क्षेत्र के सियानों ने खुशी जाहिर करते हुए नगर निगम, बीएसपी व समाज सेवी संगठनों से अन्य सेक्टरों में भी प्रमुख चौरहों पर इसी तरह सियान चौपाल निर्माण कराए जाने की अपील की है। टाउनशिप में बुजुर्गों की एक बड़ी तादाद है। बीएसपी से हर महीने पच्चीसों कर्मचारी अधिकारी रिटायर हो रहे हैं।






हरिभूमि लाइव
रायपुर, मंगलवार 23 अप्रैल 2024
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at - 9755819129

02



संगीतमय शिव महापुराण की हुई शुरुआत

लाइव इवेंट

## खिलौना कार्नर व जादुई पिटारे से बच्चों का हो रहा विकास



**भिलाई।** शासकीय प्राथमिक शाला मरोदा टैंक भिलाई में मुस्कान पुस्तकालय, जादुई पिटारा, खेलगढ़िया बाक्स का उद्घाटन किरण चंदवानी शहरी विकास खण्ड स्त्रोत समन्वयक द्वारा किया गया। इन कार्यों को विद्यालय की शिक्षिका वर्षा यादव ने कड़ी मेहनत और लगन के साथ पूर्ण किया। विद्यार्थियों के लिए जादुई पिटारा बाक्स में कठपुतली, बिन्दू कार्ड डोमिनोज, मैचिंग कार्ड, वर्णमाला कार्ड, फ्लेस कार्ड, पॉकेट बोर्ड, मेमोरी कार्ड, टेलीग्राम, ट्रेसिंग कार्ड आदि की व्यवस्था विद्यालय अनुदान से किया गया। इन सबके के माध्यम से समर कैंप मे विद्यार्थियों को बड़ी सहजता से सिखाया जा रहा है। साथ ही साथ धीमी गति से सीखने वाले विद्यार्थियों को भी उपचारात्मक शिक्षण प्रदान किया जा रहा है। सहायक शिक्षक वर्षा यादव एक नवाचारी शिक्षिका हैं जो सदैव कुछ नया अपने विद्यार्थियों के लिए करते रहती हैं। जिसमे सहायक शिक्षक ज्योति चौहान का भी सहयोग रहता है। उद्घाटन में संस्था के प्रभारी प्रधान पाठक जयश्री वर्मा, सीमा राय तथा संकुल समन्वयक टीकम सिंह साहू उपस्थित रहें।

- शासकीय स्कूल मरोदा टैंक में हुआ आयोजन




● विद्यालय में पौधरोपण कर पृथ्वी दिवस पर निकाली रैली, दिया पृथ्वी बचाने का संदेश

# प्लेनेट वर्सेज प्लास्टिक की थीम पर बच्चों ने लगाए नारे, रुद्राक्ष और सिंदूर के पौधे को किया रोपित

विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर ट्विनसिटी को हरा-भरा रखने संकल्प लिया गया। इसी कड़ी में पर्यावरण संरक्षण मंडल भिलाई के संयुक्त तत्वावधान में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने खुद से बनाएं ड्राइंग तथा स्लोगन के माध्यम से जनमानस को पृथ्वी को बचाने का संदेश दिया। कार्यक्रम की थीम प्लेनेट वर्सेज प्लास्टिक थी। 125 से अधिक बच्चों ने पेड़ लगाओं पृथ्वी बचाओ, प्लास्टिक हटाओं जीवन बचाओ आदि के नारे लगाकर जनमानस को आगाह करते हुए जागरुक किया।

**भिलाई।** पृथ्वी बचाओं रैली में केंद्रीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ प्राचार्य उमाशंकर मिश्रा, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल के क्षेत्रीय अधिकारी देवव्रत मिश्रा, रुद्र नारायण सिन्हा, नंदकुमार पटेल, डॉ अजय आर्य, नमिता, प्रतिष्ठा मिश्रा, सुरेश कुमार, रचना पाल, तरुण संकरी, रेशु काकरान सहित अन्य प्रतिष्ठित जन उपस्थित थे। रैली के पश्चात विद्यालय प्रांगण में अतिथियों द्वारा रुद्राक्ष एवं सिंदूर के पौधे रोपे गए। जन जागरूकता कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर अजय आर्य ने किया। डॉ. अजय ने कहा कि पृथ्वी को बचाने का अर्थ है स्वयं के बचे रहने का आयोजन। पृथ्वी को नष्ट करके हम स्वयं को नहीं बचा सकते। धरती से शक्तिशाली डायनासोर जैसा शक्तिशाली जानवर विलुप्त हो सकता है तो फिर मनुष्य की बिसात क्या है। उन्होंने स्वरचित कविता मां प्रकृति के शीश में पांव असुर सा धरते हैं भी सुनाई।







### प्रकृति दे रही चेतावनी

विशिष्ट अतिथि रूद्र नारायण सिन्हा को-आर्डिनेटर इको क्लब दुर्ग ने कहा कि आज जितनी भी बीमारियां हम अपने आसपास देख रहे हैं वह सब प्रकृति के साथ संतुलन न बिठाने के कारण है। शुद्ध आबो-हवा का सेवन करने से स्वच्छ पर्यावरण व वातवरण में व्यक्ति स्वस्थ रहता है यह एक वैज्ञानिक प्रमाणित सिद्धांत है। अगर हम बीमार नहीं रहना चाहते तो हमें अपने आसपास हरियाली वाला वातावरण बनाना होगा। अब भोजन में वैसा स्वाद नहीं है जैसा पहले होता था, चावल की खुशबू पूरी गली मोहल्ले में फैल जाती थी। हमने प्रकृति का अंधाधुंध दोहन किया है। अब समय चेतावनी का है प्रकृति हमें चेतावनी दे रही है।

### बच्चें चाहें तो ला सकते है बड़ा बदलाव

इको क्लब प्रभारी नन्दकुमार पटेल रसायनज्ञ ने सभी बच्चों से आह्वान किया कि वह जब भी घर से बाहर सामान खरीदने जाएं तो एक झोला अपने साथ रखने का नियम जरुर बनाएं। बच्चे अपने माता-पिता को भी ऐसी आदतों को बनाने के लिए प्रेरित करें। बच्चे चाहे तो एक बड़ा बदलाव ला सकते हैं। सिंगल यूज प्लास्टिक समुद्र में जाकर प्रकृति को नुकसान पहुंचा रहा है। हम सबको संकल्प लेना चाहिए कि हम सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग कम से काम करेंगे या बिल्कुल नहीं करेंगे। उपप्राचार्य पुष्पा बड़ा ने सभी अतिथियों का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि देवव्रत मिश्रा को डॉ अजय आर्य ने स्वलिखित पुस्तक नहीं चाहिए मुझे तरक्की की प्रति भेंट की।



### छात्र सीखें प्रकृति से अनुकूलन

मुख्य अतिथि देवव्रत मिश्रा, क्षेत्रीय अधिकारी छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल ने कहा कि विद्यालय में इस कार्यक्रम को आयोजित करने का उद्देश्य यही है कि छात्र अपने जीवन में प्रकृति से अनुकूलन सीखें। अपनी आदतों में थोड़ा सा बदलाव करके हम प्रकृति को अपने अनुकूल बना सकते हैं। आज जो ग्लोबल वार्मिंग की समस्या है पेड़ लगाकर जल बचाकर उसे समस्या को कम किया जा सकता है। बच्चें कल के भविष्य हैं और प्रकृति को संवारना उनका और हमारा दोनों का कर्तव्य है।

### हरियाली को बचाना हम सबकी जिम्मेंदारी

विद्यालय के प्राचार्य उमाशंकर मिश्रा ने कहा पृथ्वी दिवस मानना तभी सार्थक होगा जब हम पृथ्वी को अपना घर समझ कर उसे संवारने का प्रयत्न करेंगे। हम सब की जिम्मेंदारी है कि हम हरियाली को बचाएं तभी ओजोन परत को सुरक्षित रखा जा सकता है प्रकृति को बचाने का अर्थ है स्वयं को बचाना। उन्होंने बच्चों से अपील किया कि अपने जन्मदिन पर पेड़-पौधे लगाएं, अपने दोस्तों को भी उपहार स्वरूप पौधे देने का प्रचलन शुरू किया जाना चाहिए। इसे प्रकृति को सुरक्षित रखने की दिशा में एक कदम माना जा सकता है।

सिटी इवेंट

## बीएसपी एफसी, ब्रह्मविद और शेरा एफसी रायपुर ने जीता मैच



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट तीसरा मेंस फुटबॉल लीग 2024 के अंतर्गत पंत स्टेडियम में सोमवार को बीएसपी एफसी भिलाई एवं आरकेएम एफए नारायणपुर के मध्य रोमांचक मैच खेला गया। जिसमें दोनों ही टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। दोनों ही टीमों ने गोल करने भरसक प्रयास किया, लेकिन गोलकीपर और रक्षापंक्ति ने स्ट्राइकर के प्रयास को सफल नहीं होने दिया। मधयांतर तक दोनों ही टीमें 0-0 की बराबरी पर थी। मध्यांतर के बाद खेल के 69वें मिनट में बीएसपी एफसी के जर्सी नंबर 19 हितेश कोसरे ने आरकेएम के रक्षापंक्ति को चकमा देकर एक शानदार गोल कर बीएसपी एफसी को एक गोल की बढ़त दिला दी। जो कि अंत तक कायम रही और बीएसपी एफसी ने 1-0 से यह मैच जीत लिया। इसके पहले रविवार को पंत स्टेडियम भिलाई में रोवर्स क्लब भिलाई एवं ब्रह्मविद एफए रायपुर के मध्य मैच खेला गया। जिसमें ब्रह्मविद एफए रायपुर ने 3-0 से जीत दर्ज किया। रविवार को ही कोटा स्टेडियम रायपुर में एक अन्य मैच में रामा एफसी रायपुर एवं शेरा एफसी रायपुर के मध्य खेले गए मैच में शेरा एफसी ने 2-0 से जीत दर्ज किया।

- छग स्टेट तीसरा मेंस फुटबॉल लीग 2024 का आयोजन
- बीएसपी एफसी व आरकेएम एफए नारायणपुर के मध्य रोमांचक मुकाबला



## रायपुर ने पहली पारी में 325 रन बनाए, दुर्ग 99 रन पर ऑलआउट

**भिलाई।** सीएससीएस द्वारा आयोजित अंदर-19 प्लेट ग्रुप के तीन दिवसीय सेमीफाइनल मैच के पहले दिन के खेल का आरडीसीए रायपुर टीम कवर्धा व रायपुर टॉस कवर्धा ने जीता एवं पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया। रायपुर पहली पाली 325 रन पर ऑलआउट हो गई। जिसमें दक्ष कुमार ने 84, मोहम्मद फैज खान ने 66, आदित्य अग्रवाल ने 64, नील चंद्रना आर्यमन सिंह ने 32-32 रन बनाये। गेंदबाजी कवर्धा सैयद शीजान अली ने 3 विकेट, अमन जयसवाल, सूर्यांश मोटवानी एवं ओम कोसले ने 2-2 विकेट लिए। बल्लेबाजी कवर्धा पहली पारी 2 विकेट पर 37 रन चंद्रवंशी नॉट आउट 20, अनंत तिवारी 8, रायपुर से नमनदीप सिंह एवं मोहम्मद फैज खान ने एक-एक विकेट लिया। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर-10 दुर्ग एवं सरगुजा दुर्ग ने जीता एवं पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। बल्लेबाजी दुर्ग पहली पारी 99 रन पर ऑलआउट हो गई। आर्यावर्त शर्मा 37, अक्षत साहू 18, सरगुजा अर्ष अन्ये ने 7 विकेट लिए पंचित मरकाम ने दो विकेट, रोहित यादव ने 1 विकेट लिया। बल्लेबाजी सरगुजा पहली पारी 6 विकेट पर 114 दक्ष चोपड़ा 39 रन वैभव सिंह 19 रन रवि राज 18 रन दिव्यांशु जैसवाल नॉट आउट17 रन नवेदय गुप्ता नॉट आउट 12 रन गेंदबाजी दुर्ग अमिया मढरिया 4 विकेट दक्ष सिंह एवं निखिल शर्मा 1-1 विकेट लिया।



## स्वच्छ और सुंदर भिलाई बनाने पर्यावरण मित्रों ने किया श्रमदान

**भिलाई।** स्वच्छ भिलाई, सुंदर भिलाई के उद्देश्य से भिलाई के पर्यावरण मित्र मंडल द्वारा हर सप्ताह स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी के अंतर्गत रविवार को 215 साप्ताहिक स्वच्छता अभियान सेक्टर 6 ए मार्केट के पास किया गया।शहर के सबसे बड़े व पुराने ए मार्केट के पास बने शौचालय के आसपास बहुत गंदगी फैली हुई थी जिसे पर्यावरण मित्र मंडल के सदस्यों द्वारा सफाई की गई। भीषण गर्मी को देखते हुए इस स्थान पर एक जल सेवा के लिए प्याऊ घर खोलने की योजना है, इस उद्देश्य से इस स्थान को सुंदर और स्वच्छ वातावरण बनाने साफ-सफाई किया गया। इस कार्य में सियाराम कश्यप, डीपी चौधरी, कृष्ण कुमार वाधवा, चंद्रशेखर सिंह, अरूप राय, बालूराम वर्मा, दीपेश वर्मा, एसके सेन, संजय महाजन सहित अन्य जनों का विशेष रुप से सहयोग रहा।



सीए भवन में टाइम व स्ट्रेस मैनेजमेंट पर एक दिवसीय कार्यक्रम

## परीक्षा में स्ट्रेस और टाइम मैनेजमेंट के दिए टिप्स, माइंडसेट रहे सकारात्मक

कार्नर न्यूज



**भिलाई।** भिलाई सीए ब्रांच अंतर्गत सिकासा द्वारा टाइम एवं स्ट्रेस मैनेजमेंट पर एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन सीए भवन सिविक सेंटर में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में सीए कीर्ति जोशी उपस्थित रहे। जिन्होंने बताया कि परीक्षा के दौरान समय का इस्तेमाल कैसे किया जाए, प्रश्नों के लिए कितना समय दिया जाना चाहिए। उन्होंने विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से स्ट्रेस और टाइम मैनेजमेंट के तथ्यों को समझाया।




### टाइम मैनेजमेंट एक कुशलता हैः सीए कीर्ति

सीए कीर्ति जोशी ने बताया कि ये दो अलग-अलग परिप्रेक्ष्य में एक महत्वपूर्ण विषय हैं जो हर कोई जीवन में सामना करता है, और विशेष रूप से छात्रों के लिए अधिक महत्वपूर्ण होते हैं। टाइम मैनेजमेंट एक कुशलता है जो हमें अपने समय को सही तरीके से प्रबंधित करने में मदद करती है। इसके अंतर्गत हम अपने कार्यों को संगठित रूप से पूरा करने के लिए उपयुक्त योजनाबद्धता और तकनीकों का उपयोग करते हैं। इसके अलावा, टाइम मैनेजमेंट हमें संगठन करने, प्राथमिकताओं को सेट करने, और अपने लक्ष्यों की ओर प्रगति करने में मदद करता है। वहीं स्ट्रेस रिडक्शन एक महत्वपूर्ण कौशल है जो हमें अपने स्ट्रेस को कम करने में मदद करता है। यह हमारी माइंडसेट को सकारात्मक रखने और अवसरों को बेहतर ढंग से संभालने में मदद करता है।

### टाइम मैनेजमेंट और स्ट्रेट रिडक्शन विषय बहुत अहम

ब्रांच के चेयरमेन सीए राहुल बत्रा ने बताया कि हम सभी के जीवन में टाइम मैनेजमेंट और स्ट्रेस रिडक्शन बहुत अहम विषय है। टाइम मैनेजमेंट सही रखने के लिए हमें पहले से प्लानिंग, अपनी प्राथमिकताएं और लिमिटेशन्स तय करनी होंगी। वहीं स्ट्रेस से बचने के लिए भी हमें नियमित रूप से एक्सरसाइज करने के साथ स्वयं के लिए समय निकालना पड़ेगा, ध्यान करना आपकी मनसिक स्थिति को स्थिर करने में मदद करेगा। इससे आपको स्ट्रेस को कम करने के लिए शांति मिलेगी और आपकी सोच को सकारात्मक रखने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ब्रांच की पूर्व चेयरमेन सीए पायल जैन सहित बड़ी संख्या में सीए छात्र उपस्थित थे।



सिटी इवेंट

## नेशनल के लिए छग सीनियर थ्रो बॉल के खिलाड़ियों को किया गया चयनित



**भिलाई।** भारतीय थ्रोबॉल संघ एवं तेलांगना थ्रोबॉल संघ के संयुक्त तत्वावधान में 6 से 8 जून तक हैदराबाद, तेलंगाना में आयोजित हो रही 47वीं सीनियर राष्ट्रीय थ्रो बॉल प्रतियोगिता में भाग लेने वाली पुरुष एवं महिला टीम के चयन के लिए मनसा शिक्षा महाविद्यालय कोहका रोड, कुरूद में ट्रायल का आयोजन किया गया । छत्तीसगढ़ प्रदेश टीम में अपनी जगह बनाने के लिए विभिन्न जिलों के खिलाड़ियों ने अपने खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। छत्तीसगढ़ सीनियर टीम में चयनित पुरुष एव महिला खिलाड़ियों ने अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाये रखने के गुर को सीखा। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में थ्रोबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के मुख्य सचिव रमन कुमार साहनी, मृदुला गुप्ता, रीना चंद्रवंशी, फुलेश्वरी एवं मनसा शिक्षा महाविद्यालय के संचालक संजीव सक्सेना, पूर्व सीनियर राष्ट्रीय खिलाड़ी निखिल कपूर, नूर मोहम्मद, दिलीप मिश्रा उपस्थित रहे।

इस ट्रायल का आयोजन छत्तीसगढ़ प्रदेश थ्रोबॉल संघ एवं मनसा शिक्षा महाविद्यालय के बीपीएड डिपार्टमेंट के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। चयनित खिलाड़ियों के लिए शीघ्र ही विशेष प्रशिक्षण कैंप का आयोजन किया जाएगा। चयन प्रक्रिया के पश्चात समापन समारोह में सभी अतिथियों ने खिलाड़ियों को होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त करने के लिए शुभकामनाएं दी।

● युवाओं के सच्चे पथ प्रदर्शक आदर्श वीर हनुमान, आर्य मंदिर में बच्चों को किया संबोधित

# हनुमान के उपासक मोमोज, पिज्जा, बर्गर का सेवन नहीं करते, शुद्ध शाकाहार व सादा जीवन उच्च विचार के प्रतीक

हनुमान हम सबको सहज मार्ग दिखाते हैं। वे सार्मथशाली होने के बाद भी राम के अनन्य भक्त और सेवक हैं। समर्पण अगर किसी को सीखना हो तो वह हनुमान से सीख सकते हैं। हनुमान जयंती हनुमान के गुणों को धारण करने का पर्व है। हनुमान की मात्र छवि को देखने या सोचने पर वीरता का संचार होने लगता है। हनुमान का उपासक मोमोज, बर्गर, पिज्जा जैसी सेहत नाशक पदार्थ का सेवन नहीं करता। शुद्ध शाकाहार, सादा जीवन उच्च विचार के वे प्रतीक हैं। भूत-प्रेत जैसी छोटी-मोटी समस्याएं हनुमान की भक्ति करने वाले के आसपास नहीं आती। यह सब मनोविकृति के परिणाम हैं। यह बातें हनुमान जयंती पर आयोजित सत्संग के दौरान बच्चों को समझाते हुए आचार्य अजय आर्य ने कहीं।



**भिलाई।** आर्य समाज मंदिर सेक्टर 6 भिलाई में सत्संग का आयोजन किया गया। इस दौरान आचार्य अंकित शर्मा ने मंत्र पाठ किया। उन्होंने कहा कि मंत्र जाप से जीवन के कष्ट कम होते हैं और सात्विकता बढ़ती है। हनुमत प्रसंग की चर्चा करते हुए आचार्य डॉ अजय आर्य ने कहा पश्चिम जगत के लोग स्वयं को बंदर की संतान कहते हैं। वेद का मंत्र कहता है कि हम सब अमृत में परमात्मा की संतान है। हम दिव्य हैं और हमें हमेशा दिव्य बनने का प्रयत्न करना चाहिए। वीर हनुमान वानर नहीं नरोत्तम थे। युद्ध कौशल, बल, शक्ति और चातुर्य के अनेक प्रमाण रामायण में मिलते हैं। हनुमान सिर्फ शारीरिक बल में अतुलित नहीं थे अपितु बुद्धि व बल में भी उन जैसा कोई दूसरा नहीं था।

### बड़े ही नहीं छोटे भी कर सकते है समस्या का समाधान

समुद्र को पार करते समय सुरक्षा का प्रसंग यह बताता है कि हनुमान ने अपना आकर बहुत बड़ा कर लिया था किंतु राक्षसी ने उन्हें समुद्र पार करने नहीं दिया। तब हनुमान ने अपना रूप अत्यंत सूक्ष्म कर दिया और वहां से भी निकल गए। यह कहानी हम सब के जीवन को प्रबंधन के गुण सिखाती है। जीवन की हर समस्या का समाधान बड़ा होकर नहीं किया जा सकता। कहीं-कहीं समस्या का समाधान छोटे होने से भी हो जाता है। आज की भाषा में वर्तमान युग में इसे इगो सेटिस्फेक्शन कहा जाता है। बड़े या सामर्थ्यशाली व्यक्ति के अहंकार को संभाल कर आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने आज के युवाओं को कहा कि अगर वे हनुमान की उपासना करेंगे, हनुमान को अपना आदर्श समझेंगे तो अपने जीवन को एक आदर्श और सकारात्मक दिशा देने का सामर्थ्य प्राप्त कर सकेंगे। वीर हनुमान शुद्ध आहार संयम, परिश्रम और ब्रह्मचर्य के अप्रतिम प्रतीक हैं।

### मंगल का अर्थ होता है कल्याण

डॉ आर्य ने कहा कि वैज्ञानिक इस बात का पता लग रहे हैं कि मंगल में जीवन है या नहीं। सत्संग रामायण और हमारे आचार्य आपको बार-बार आगाह कर रहे हैं कि आप देखिए कि आपके जीवन में मंगल है कि नहीं। मंगल का अर्थ होता है कल्याण। हम सभी को कल्याण की ओर अग्रसर होना चाहिए। उदाहरण देते हुए बताया कि कल एक छोटा बच्चा आकर मुझसे पूछने लगा की जो लोग बड़े-बड़े बाल रखते हैं हेयर बैंड लगाते और कान में बाली पहनते हैं क्या ऐसे लड़कों को हम दीदी पुकार सकते हैं। अब मैं इस बात का क्या जवाब दूं। आचार्य ने कहा कि फैशन करो, अनुकरण करना ही है तो हनुमान का करो। वीरता का करो। शांति पाठ के पश्चात कार्यक्रम संपन्न हुआ।

### शुद्ध वाणी ह्रदय को हर्षित कर देती है

रामायण के किष्किंधा कांड में जब राम लक्ष्मण से हनुमान जी की पहली बार मुलाकात होती है तब उसका वर्णन करते हुए वाल्मीकि ने लिखा भी है। ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद का जानकार व्यक्ति ही हनुमान की तरह बात कर सकता है। वीर हनुमान ने सम्पूर्ण व्याकरण का अनेक बार अभ्यास किया हैं, क्यूंकि इतने समय तक बोलने में इन्होनें किसी भी अशुद्ध शब्द का उच्चारण नहीं किया हैं। संस्कार संपन्न, शास्त्रीय पद्धति से सरल शुद्ध वाणी ह्रदय को हर्षित कर देती हैं। सुंदरकांड में जब हनुमान सोचते हैं कि मैं अपना परिचय इन्हें कैसे दूं तब वे कहते हैं कि यदि ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य के समान परिमार्जित संस्कृत भाषा का प्रयोग करूँगा तो सीता मुझे रावण समझकर भय से संत्रस्त हो जाएगी। मेरे इस वनवासी रूप को देखकर तथा नागरिक संस्कृत को सुनकर पहले ही राक्षसों से डरी हुई यह सीता और भयभीत हो जाएगी। वीर हनुमान संस्कृत और संस्कृति के ज्ञाता थे।

सिटी अपडेट

## आगजनी से काबू पाने का सीखा तरीका समस्याओं से निपटने बरते सावधानी



**भिलाई।** अग्निशमन सेवा सप्ताह के मौके पर सोमवार को रूंगटा आर-1 कॉलेज में अग्निशमन यंत्रों के उपयोग का प्रशिक्षण दिया गया। तकनीकी और गैर तकनीकी सभी छात्रों ने आगजनी की स्थिति में आपात परिस्थिति से बाहर निकलने का तरीका समझा। विद्यार्थियों को फायर एक्सटिंग्विशर की मदद से आग पर काबू पाने की ट्रेनिंग दी गई। एक्सपर्ट ने बताया, फायर एक्सटिंग्विशर विभिन्न तरह के होते हैं, जिनको अलग-अलग तरह की आग के लिए इस्तेमाल किया जाता है। गैस सिलेंडर से लगने वाली आग से लेकर पेट्रोल से लगी आग के लिए अलग-अलग फायर एक्सटिंग्विशर की जानकारी विद्यार्थियों को दी गई। एक्सपर्ट के तौर पर रासेयो अधिकारी डॉ. सत्यधर्म भारती और इलेक्ट्रिकल विभाग के एचओडी डॉ. अल्बर्ट जॉन वर्गीस ने आपदा के प्रबंधन का तरीका समझाया। एक्सपर्ट ने कहा कि घरों से लेकर कार्यालय तक सभी जगहों पर अग्निशमन यंत्र होना बेहद जरूरी होता है। यही तरीका है, जिससे आगजनी की घटना को विकराल होने से पहले रोका जा सकता है। सीआरसी इंचार्ज डॉ. रामकृष्ण राठौर ने बताया कि सालाना सैकड़ों आगजनी की घटनाओं की प्रमुख वजह शॉर्ट शर्किट होता है, इसके अलावा घरों के सिलेंडर से भी बहूतायत में आगजनी के मामले सामने आते हैं। डॉ. रेजो रॉय ने कहा कि छोटी-छोटी सावधानियां रखकर आगजनी के मामलों को कम किया जा सकता है। उन्होंने गर्मियों के दौरान घर, दफ्तर, कंपनियों में सुरक्षा इंतेजाम पुख्ता रखने की सलाह दी। इस कार्यक्रम में शामिल हुए विद्यार्थियों ने फायर एक्सटिंग्विशर की मदद से आग बुझाने का डेमो खुद से कर के देखा। कार्यक्रम में संस्थान के प्राचार्य डॉ. राकेश हिमते, डॉ. नीमा एस.बालन और डीन एकेडमिक डॉ चिन्मय चंद्राकर ने भी शिकरत की और विद्यार्थियों को लोगों के बीच पहुंचकर जागरुकता फैलाने की अपील की। इसकी शुरुआत अपने घर और पड़ोस से करने को कहा।

अभिनव पहल

## कथक, नाटक व गायन की दी आकर्षक प्रस्तुति, किया नववर्ष का स्वागत



**भिलाई।** बंगाली नववर्ष व बैशाख की पहली तारीख के मौके पर सूर्य विहार कालोनी में उच्चाकाश का आयोजन किया गया। कालोनी की महिलाओं ने खुद कड़ी मेहनत कर कार्यक्रम का स्वरूप प्रदान किया। कविगुरू रविन्द्रनाथ टैगोर के चित्र पर माल्यार्पण से शुरू हुए इस कार्यक्रम में कथक, नाटक, वाचन, गायन का सुन्दर समागम देखने को मिला। सूर्यविहार के सामुदायिक भवन में हुए इस कार्यक्रम में राजेश पाण्डेय एवं विवेक दुबे अतिथि के रूप में मौजूद थे। श्रीणिका सरकार ने अतिथियों के स्वागत में गणेश वन्दना की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में उच्चाकाश समूह की महिलाओं ने समूह गीतों की प्रस्तुतियां दीं। झुमा भट्टाचार्य ने कविता पाठ किया, राहुल चौधरी ने गीत गाया, अल्टीमेट म्यूजिक ग्रुप के फुट-टैपिंग आर्केस्ट्रा को भी खूब सराहा गया। वाचन शैली में शिखा मोइत्रा एवं बोन्या मुखर्जी की प्रस्तुति ने लोगों को खूब गुदगुदाया। इस अवसर पर प्रस्तुत नृत्य नाटक "राम कथा" ने खूब तालियां बटोरीं। उच्चाकाश की संस्थापक सदस्य डॉ शर्मिष्ठा नंदी के मार्गदर्शन में कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर शिक्षा मोइत्रा, रिनी चक्रवर्ती, शुभश्री मित्रा, बोन्या मुखर्जी, कृष्णा पाल, संजना खाटखेड़े, सुतपा कनराड, अनिन्दिता रॉय चौधरी, श्राबोनी दास, सोमा रॉय, पारोमिता मुखर्जी, कनक बाला सरकार, केका कुंडू, दीपंकर नंदी, गौतम मोइत्रा, नयन भट्टाचार्य और सुमन मित्रा प्रमुख रुप से उपस्थित रहीं।

महिला सशक्तिकरण पर हुई बैठक

## समाज की महिलाओं को आत्मनिर्भर व स्वावलंबी बनाने किए जाएंगे कार्य




**भिलाई।** वाडाबलिजा जातीय समाज की महिलाओं द्वारा खुर्सीपार समाज भवन में महिला वाडाबालिजा जातीय समाज की स्थापना की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महिला वाडाबलिजा जातीय समाज की अध्यक्ष जी हरीकृष्णा, अतिथि महासचिव व्ही चंद्रशेखर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पी. यरैन्ना, डॉ के चिरंजीवूलू, पूर्व एल्डरमैन डी नागमणि, श्री सांई नाथ जन सेवा समिति अध्यक्ष जी माधव राव, सांई मंदिर अध्यक्ष व्ही. चंद्रशेखर, टी लोकनाथ, सी एच गणपति उपस्थित थे।

इस अवसर पर समाज की महिलाओं ने कहा कि हमारे समाज में महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए सशक्त महिला संगठन की आवश्यकता है और महिला वाडाबलिजा जातीय समाज के प्रमुख उद्देश्य महिलाओं की प्राथमिक शिक्षा, स्वास्थ्य और महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बनाने कार्य करना है। साथ ही जरूरतमंद महिलाओं और बच्चों के जीवन की गुणवत्ता में सकारात्मक और सार्थक कार्य किया जाएगा। सभी अतिथियों ने आश्वासन दिया गया कि महिला समाज के प्रत्येक कार्य में सभी का पूरा सहयोग व समर्थन रहेगा।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से समाज से के कामेश्वरी, टी यशोदा, के हेमलता, के संगीता, डी नागमणि, के राजकुमारी, के भारती, सी एच हेमावती, बी कुमारी, बी मीना, के ज्योत्सना, के सिरिषा, यू ज्योति, पी सरस्वती, ए वरलक्ष्मी, के प्रभा, एस दीपा, ए सुशीला, सी एच लक्ष्मी, एम अरुणा कुमारी, जी सरस्वती, जे शांतम्मा, जी राजेश्वरी, जे रमावती, के जयलक्ष्मी सहित अन्य जन उपस्थित थे।

भिलाई की महिलाओं ने मतदान जागरूकता अभियान में दिलाई शपथ

## मतदान के प्रति जागरूक करने दौड़ी महिलाएं पहले मतदान फिर जलपान का दिया संदेश

कार्नर न्यूज



महिलाएं केवल घर व परिवार को ही नही संभालती, बल्कि वे देश को भी संभालने में आजकल काफी आगे पहुंच चुकी है। इसलिए पहले मतदान, फिर जलपान के उद्देश्य से 7 मई को सभी महिलाएं घर के काम को छोड़कर पहले अपने मताधिकार का प्रयोग करने मतदान केंद्र पहुंचे और साथ ही घर में काम करने वाली मेड, ड्राईवर आदि को भी मतदान करने भेजे। यह बातें केसरिया राजपूत महिला क्लब की अध्यक्ष डॉ विभा सिंह ने जागरुकता अभियान के कार्यक्रम में कही।




**भिलाई।** केसरिया राजपूत महिला क्लब एवं आरोही सेवी संस्था के द्वारा लोकतंत्र को स्वस्थ और सुरक्षित बनाने के लिए महिलाओं दवरा मतदान मैराथन कराई गई। जिसमें 21 से लेकर के 80 वर्ष तक की सभी वर्ग की महिलाओं ने भाग लिया। इस दौरा काफी संख्या में महिलाओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। मैराथन की शुरुआत से पहले केसरिया राजपूत क्लब अध्यक्ष डॉ विभा सिंह ने सभी महिलाओं को 7 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में सभी महिलाएं स्वयं और परिवार को, अपने आस-पड़ोस और अपने घर में कार्य करने वाले लोगों को मतदान बूथ तक ले जाएंगे






और एक अच्छे स्वस्थ लोकतंत्र की स्थापना करेंगे अपनी सरकार स्वयं अपने द्वारा चुनेंगे की शपथ दिलाई। डॉ विभा ने बताया कि इस मैराथन का दूसरा उद्देश्य इस भ्रम तोड़ना थी कि पढ़े-लिखे लोग मतदान नहीं करते हैं इस भ्रम को गलत सिद्ध किया गया। सुबह आयोजित इस कार्यक्रम में सभी वर्गो की महिलाओं और युवतियों ने मतदान करने की शपथ ली। इस दौरान महाराष्ट्र मंडल, महेश्वरी मंडल, जैन समाज, भिलाई महिला समाज, कुर्मी समाज, ब्राह्मण समाज, क्षत्रिय समाज सहित अन्य जन भी शामिल हुए। मैराथन के अंत में गायत्री सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## संगीतमय शिव महापुराण की हुई शुरुआत, निकली कलश यात्रा



**भिलाई।** शिव शक्ति महिला मंडल द्वारा गया नगर दुर्ग में शिव पुराण का आयोजन की शुरुआत की गई। जिसमें कथावाचक पं पूरन प्रसाद शर्मा होंगे। शिव महापुराण कथा के पहले दिन कलश यात्रा निकाली गई। जिसके बाद वेदी स्थापना कर गद्दी की स्थापना हुई। जिसमें गया नगर एवं आसपास के रहवासियों ने भी सत्संग का लाभ लिया। संगीतमय शिव महापुराण कथा के लिए कलश यात्रा कथा स्थल के आसपास निकाली गई। इस दौरान आयोजकर्ताओं के साथ मोहल्ले के भक्त काफी संख्या में पहुंचे थे।

धर्म दर्शन

## शनि दोष से हैं परेशान तो आज हनुमान जयंती पर जरूर करें ये काम, कष्टों से मिलेगा छुटकारा



हनुमान जयंती का पर्व देशभर में आज 23 अप्रैल को मनाया जाएगा। हनुमान जयंती के दिन भगवान हनुमान की पूरी विधिपूर्वक पूजा की जाती है। इस दिन लोग हनुमान जी को प्रसन्न करने के लिए तरह-तरह के उपाय करते हैं। हनुमान जी की पूजा करने से शनि देव भी प्रसन्न होते हैं। कुंडली में शनि दोष हो तो इससे मुक्ति के लिए भी हनुमान जयंती का दिन बहुत उत्तम माना जाता है। आइए जानते हैं कि इस दिन किन उपायों को कर के आप शनि दोष से राहत पा सकते हैं।

**हनुमान जयंती पर करें शनि दोष से मुक्ति के उपाय :** हनुमान जंयती के दिन शुभ मुहूर्त में सुन्दरकाण्ड, हनुमान चालीसा और शनि चालीसा का पाठ करना चाहिए। इससे शनि दोष से राहत मिलती है। इस दिन हनुमान जी की पूजा में काले तिल का तेल और नीले रंग के फूल का प्रयोग करने से भी शनि देव की कृपा होती है।

हनुमान जयंती के दिन काली गाय की सेवा करनी चाहिए इससे शनि के दुष्प्रभाव कम होते हैं। इस दिन काली गाय के सिर पर रोली लगाकर उनकी धूप-आरती करनी चाहिए। काली गाय को घी लगी रोटी और मिठाई खिलानी चाहिए।

**सूर्यास्त के बाद करें शनिदेव की पूजा :** हनुमान जयंती के दिन सूर्यास्त के बाद शनि देव की पूजा करना उत्तम होता है। इस दिन शाम के समय बरगद और पीपल के पेड़ के नीचे सरसों के तेल का दीपक जलाएं और दूध-धूप आदि अर्पित करना चाहिए। इसके बाद हाथ जोड़ कर शनि दोष से मुक्ति के लिए प्रार्थना करें।

**शनिदेव की कृपा पाने के लिए ये उपाय भी करें :** इस दिन रूद्राक्ष की माला से शनि के किसी एक मंत्र की कम से कम पांच माला जप करना चाहिए। इससे शनि देव प्रसन्न होकर सुख-संपत्ति का आशीर्वाद देते हैं।

हनुमान जयंती के दिन शनि देव को प्रसन्न करने के लिए काले कपड़े में काले उड़द, सवा किलो अनाज, दो लड्डू, फल, काला कोयला और लोहे की कील दान करें। हनुमान जयंती के दिन के दिन बंदरों और काले कुत्तों को बूंदी के लड्डू खिलाने से भी शनि दोष से राहत मिलती है। इस दिन काले घोड़े की नाल या नाव में लगी कील से बना छल्ला धारण करने से लाभ होता है।

## ग्रहों के देवता गुरू का राशि परिवर्तन, इन राशि के लोगों को मिलेंगी छप्पर फाड़ के खुशियां



गुरू ग्रह बृहस्पति जल्द ही अपना राशि परिवर्तन करेंगे। हर ग्रह अपने निश्चित समय के बाद राशि परिवर्तन करता है। गुरू ग्रह को ग्रहों का देवता माना गया है। गुरू ग्रह बृहस्पति एक राशि में करीब 12 महीनों तक रहते हैं। एक राशि में दोबारा आने में करीब 12 साल का समय लगता है। साल 2024 में गुरू ग्रह कई राशियों पर अपना खास प्रभाव डालेंगे। जानते हैं कौन सी हैं वो लकी राशियां जिनकी किस्मत 1 साल के लिए खुलने वाली है।

सुख और सौभाग्य के दाता गुरू देव बृहस्पति 12 साल के बाद वृषभ राशि में प्रवेश करेंगे। 1 मई बुधवार को गुरू का गोचर वृषभ राशि में होगा। गुरू ग्रह मेष राशि से वृषभ राशि में गोचर करेंगे। दोपहर 1.50 मिनट पर गुरू का गोचर होगा। वहीं 9 अक्टूबर को गुरू वृषभ राशि में वक्री हो जाएंगे। अगले साल 4 फरवरी, 2025 में गुरू वापस वृषभ राशि में मार्गी हो जाएंगे। इस तरह से गुरू देव बृहस्पति वृषभ राशि में 119 दिन व्रकी अवस्था में रहेंगे।

**वृषभ राशि :** वृषभ राशि वालों को गुरू के गोचर से सबसे ज्यादा लाभ मिलने वाला है। इस दौरान वृषभ राशि के लोग हर क्षेत्र में शानदार प्रदर्शन करेंगे। अगर आप मीडिया, ग्राफिक्स से जुड़े हैं तो आपको लाभ होगा। आपकी आय में वृद्धि हो सकती है। शादीशुदा लाइफ में खुशियां आएगी।

**सिंह राशि :** सिंह राशि वालों के लिए गुरू का राशि परिवर्तन शानदार साबित होने वाला है। इस दौरान आपकी मधुर वाणी पर तरक्की की राह पर लेकर जाएगी। करियर में ग्रोथ होगी, जिससे सैलरी और पोजिशन में बढ़ेगी। सिंगल हैं तो शादी के बंधन में बंध सकते हैं।

**तुला राशि :** तुला राशि वालों के लिए गुरू का राशि परिवर्तन अच्छा रहेगा। इस दौरान आपको जॉब में सक्सेस मिलेगी। आपको प्रमोशन और ट्रांसफर होने के भरपूर चांस हैं। लक आपका साथ देगा। शादीशुदा हैं तो आपकी फैमली पूरी हो सकती है। घर में नए मेहमान के आने से खुशियां आएगी।

**मीन राशि :** मीन राशि वालों के लिए गुरू का गोचर कई मायनों में अच्छा रहने वाला है। इस दौरान आप अपने करियर को लेकर उत्साहित रहेंगे। आपको ज्यादा भागदौड़ करनी पड़ सकती है। बिजनेस के लिए यह साल शानदार रहेगा। आप नया काम खोल सकते हैं। हेल्थ भी अच्छी रहेगी। लव मैरिज को घर वालों की मंजूरी मिल सकती है।

### गर्भवती महिला को गर्मियों में हाइड्रेट रहना बेहद जरूरी

# गर्मियों में गर्भवती महिलाएं खुद को हाइड्रेट रखने अपनाएं हेल्दी ड्रिंक्स

किसी भी महिला के लिए गर्भावस्था एक सबसे प्यारा सफर होता है। इस दौरान जितनी खुशी होती है, उससे कहीं ज्यादा सेहत का ख्याल भी रखना होता है। खासतौर पर गर्मियों के मौसम में. क्योंकि, गर्मियों में गर्भवती महिला का हाइड्रेट रहना बेहद जरूरी होता है। इसके लिए महिलाएं उचित मात्रा में पानी पीने के साथ ही तमाम चीजों का सेवन करती हैं। आपको बता दें कि, प्रेग्नेंसी में कुछ नेचुरल ड्रिंक्स गर्मियों में अधिक कारगर माने जाते हैं। विशेषज्ञों द्वारा इन हेल्दी ड्रिंक्स को गर्भवती महिलाओं के लिए उत्तम माना गया है।



### पोषक तत्वों से भरपूर नारियल पानी बेहतर ऑप्शन

आहार विशेषज्ञों के अनुसार गर्मियों में गर्भवती महिलाओं के लिए पानी के अलावा नारियल पानी बेहतर ऑप्शन है। इसके नियमित सेवन से शरीर में पानी की पूर्ति होने के साथ ही जरूरी पोषक तत्व भी मिलते हैं। बता दें कि, नारियल पानी में इलेक्ट्रोलाइट समेत कई पोषक तत्व होते हैं, जो गर्भवती महिलाओं के लिए काफी लाभदायक होते हैं।

### दिन में एक बार दूध पीना जरूरी

एक्सपर्ट के मुताबिक, प्रेग्नेंसी में आपको दिन में कम से कम एक बार दूध जरूर पीना चाहिए। दूध से शरीर को भरपूर कैल्शियम, विटामिन बी12 और प्रोटीन मिलता है। बड़े बुजुर्ग हमेशा दूध पीने की सलाह देते हैं। दूध से बच्चे का विकास भी अच्छा होगा और हड्डियों के विकास में मदद मिलेगी।

### गर्भावस्था में करें नींबू पानी का सेवन

गर्मियों में पर्याप्त मात्रा में पानी पीना बेहद जरूरी होता है। हालांकि कई लोग सादा पानी पीने के लिए मुंह बनाने लगते हैं। ऐसे में जरूरी है कि आप नींबू पानी का सेवन करें। इसका सेवन गर्भवती महिलाओं के लिए अच्छा माना जाता है।

### गर्मियों में आने वाली सब्जियों के जूस

गर्मियों में खुद को हाइड्रेट रखने के लिए सब्जियों का जूस बेहतर विकल्प है। बता दें कि, खीरा, टमाटर समेत गर्मियों की कई सब्जियों में पानी पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है। पोषक तत्वों से भरी इन सब्जियों के जूस का सेवन करने से सेहत दुरुस्त रहती है। यदि आप चाहें तो इन सब्जियों के सलाद का भी सेवन किया जा सकता है।

**छाछ-लस्सी:** डॉक्टर की मानें तो गर्मियों के लिए छाछ सबसे ज्यादा फायदेमंद ड्रिंक है। आप खाने में या नाश्ते में छाछ पी सकते हैं। इससे शरीर हाइड्रेट रहता है और पेट को ठंडक मिलती है। आप चाहें तो कभी मीठी लस्सी भी ले सकते हैं। छाछ पीने से कब्ज की समस्या भी दूर हो जाती है।





## तपती गर्मी में ये चीजें खाएंगे तो पछताएंगे, सोख लेती हैं शरीर का पानी

हम सब जानते हैं कि मौसम का तापमान जब बढ़ता है जब शरीर में पानी की कमी होने लगती है। इस मौसम में शरीर से ज्यादा पसीना निकलने लगता है और दूसरी तरफ शरीर को अंदर से ज्यादा पानी की जरूरत होती है। ऐसे में आमतौर पर हम ठंडी चीजों को खाते हैं ताकि शरीर में पानी की कमी न हो, लेकिन कुछ ठंडी चीजें ऐसी होती हैं जिनका सेवन करने से उल्टा पानी की कमी होने लगती है क्योंकि उसे पचाने में ज्यादा पानी की जरूरत होती है। इतना ही नहीं आप गर्मी में अगर चाय-कॉफी भी ज्यादा पीएंगे तो यह भी शरीर को पानी को सोख लेगा। इससे शरीर में डिहाइड्रेशन हो जाएगा जिसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। ऐसी चीजों के बारे में जानना जरूरी है जिनके सेवन से शरीर में पानी की कमी हो जाती है।

### गर्मी में इन चीजों का ज्यादा न करें सेवन



1. **कैफीन**- विशेषों के अनुसार गर्मी में कैफीन यानी चाय-कॉफी का ज्यादा सेवन करेंगे तो यह शरीर से पानी को सोख लेगा। दूसरी ओर कॉफी डाययूरेटिक नेचर का है जिसके कारण बार-बार पेशाब लगेगी। इसके साथ ही यह सोडियम के एब्जोर्ब्शन को रोक देगा जिससे शरीर में पानी को रोकने में मुश्किल होगी।
2. **डाइट सोडा**-आमतौर पर गर्मी में हम ठंडी चीजें जैसे डाइट सोडा, आइस्क्रीम आदि का सेवन करते हैं लेकिन यह शरीर में पानी को सोखने में बहुत माहिर है। डाइट सोडा या सॉफ्ट ड्रिंक में मौजूद कंपाउड शरीर के टिशू से पानी को बाहर कर देता है जिसके कारण शरीर में पानी की कमी होने लगती है। वहीं आइस्क्रीम में बहुत अधिक मात्रा में फैट, कार्बोहाइड्रेट और प्रोटीन होता है। ये तीनों चीजें जब पेट के अंदर पचती हैं तो इस दौरान काफी हीट रिलीज होता है, इसलिए ये बॉडी को गर्म कर सकते हैं।
3. **शराब**-गर्मी में अगर शराब पीएंगे तो शरीर से पानी निकल जाएगा. इस स्थिति में यदि आप ज्यादा पानी नहीं पीएंगे तो भारी मुश्किल होगी. अल्कोहल डाययूरेटिक होता है यानी अल्कोहल में मौजूद कंपाउड वाटर रिटेंशन को कमजोर करता है जिसके कारण बार-बार पेशाब लगती है।
4. **तली-भुनी चीजें** – वैसे तो तली-भुनी चीजें शरीर के लिए कभी भी अच्छी नहीं होती है लेकिन गर्मी में इसका नुकसान ज्यादा होता है। दरअसल, तली-भुनी चीजों में फैट बहुत ज्यादा होता है जिसे पचाने में बहुत अधिक पानी की जरूरत होती है। साथ ही इस प्रक्रिया के दौरान पेट में हीट भी होती है। इसका डाइजेशन भी सही से नहीं होता. इसलिए गर्मी में तली-भुनी चीजों से परहेज करना चाहिए।
5. **नॉन-वेज या पनीर**– नॉन-वेज आइटम या पनीर में बहुत अधिक प्रोटीन होता है। बहुत ज्यादा प्रोटीन शरीर को डिहाइड्रेट कर देता है। प्रोटीन को मेटाबोलाइज करने के लिए शरीर को अधिक पानी की जरूरत होती है। जब प्रोटीन को पचाने के लिए सारे पानी ले लेगा तो सेल्स में पानी की कमी होने लगेगी जिससे डिहाइड्रेशन होने लगेगा।

## एक हफ्ते में कितनी बार लगाना चाहिए एलोवेरा जेल, रोजाना लगाना हो सकता है खतरनाक!

खूबसूरत चेहरा पाना हर कोई चाहता है, ऐसे में लोग एलोवेरा जेल का भी इस्तेमाल करते हैं। एलोवेरा जेल त्वचा के लिए काफी फायदेमंद माना गया है। यह स्किन को हाइड्रेट करने में मदद करता है साथ ही चमकदार बनाता है लेकिन क्या आप जानते हैं एलोवेरा जेल दिन भर में कितनी बार लगाना सही होता है? अगर नहीं तो यह खबर आपके लिए है, आज हम आपको बताएंगे एलोवेरा जेल कब और कैसे लगाना चाहिए।

**कब लगाएं एलोवेरा जेल**

एलोवेरा जेल चेहरे से गंदगी को बाहर करने में मदद करता है और चेहरे को खूबसूरत बनाता है। इसे दिन भर में कितनी बार लगाना चाहिए। यह आपकी स्किन पर डिपेंड करता है। अगर आपकी संवेदनशील त्वचा है, तो आप एलोवेरा जेल को हफ्ते में दो से तीन बार लगा सकते हैं



### कैसी त्वचा पर दिन कितने बार लगाएं

अगर सामान्य त्वचा है, तो आप रोजाना इसे लगा सकते हैं। वहीं सूखी त्वचा वाले लोग रोजाना या दिन में दो बार लगा सकते हैं। अगर जेल पतला है, तो आप इसे रोजाना लगा सकते हैं, लेकिन अगर गाढ़ा है, तो हफ्ते में दो से तीन बार ही लगाएं। आप एलोवेरा जेल लगाने के बाद मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल कर सकते हैं।

### इन बातों का रखें ध्यान

कुछ लोगों की स्किन पर एलोवेरा जेल सूट नहीं होता है, तो कुछ लोगों की स्किन पर सूट हो जाता है। अगर आपको इसे लगाने के बाद एलर्जी जैसा होता है या खुजली, जलन होती है, तो एलोवेरा जेल का इस्तेमाल बंद कर दें और डॉक्टर की सलाह जरूर लें। जब भी आप एलोवेरा जेल लगाएं पहले पैच टेस्ट जरूर करें। ध्यान रहे इसके ज्यादा इस्तेमाल से त्वचा रूखी हो सकती है साथ ही मुंहासे भी होने की संभावना होती है। इसका लिमिटेड इस्तेमाल करना सही रहेगा।

## शनि देव प्रसन्न हों तो ऐसे कराते हैं लाभ, देते हैं ये खास संकेत

ज्योतिष शास्त्र में शनि देव को प्रसन्न करने के बताए गए हैं कई उपाय

शनिवार का दिन न्याय के देवता शनि देव को समर्पित है। शनि देव हर व्यक्ति को उसके कर्मों के हिसाब से फल देते हैं। शनि देव के प्रसन्न होन पर सुख-संपत्ति और वैभव मिलता है। शनि की कृपा से हर कार्य में सफलता मिलती है। शनिदेव अपने भक्तों को यश, धन, पद और सम्मान का लाभ कराते हैं। वहीं पाप करने वाले व्यक्तियों को शनि देव बहुत कष्ट पहुंचाते हैं। आइए जानते हैं कि शनि के मेहरबान होने पर किस तरह के संकेत मिलते हैं।

### शनि देव ऐसे कराते हैं लाभ



**कुंडली** में शनि की स्थिति शुभ हो तो व्यक्ति रंक से राजा बन जाता है। शनि मेहरबान हो तो व्यक्ति के पास धन की कमी नहीं रहती है और वो तरक्की की सीढ़ियां चढ़ता है।

**भगवान** शनि की कृपा होने पर व्यक्ति को उसकी जीवन की हर समस्या के साथ ही उसका हल भी मिलता जाता है। शनि की कृपा होने पर लोग बड़ी से बड़ी दुर्घटना होने पर भी किसी ना किसी तरह बच जाते हैं।

**शनि देव** जिस पर मेहरबान हों उसका समाज में खूब मान-सम्मान होता है। शनि दोष की वजह से व्यक्ति की सेहत हमेशा खराब रहती है। वहीं शनि देव की कृपा हो तो व्यक्ति की सेहत हमेशा अच्छी रहती हैं। शनि के शुभ प्रभाव से बाल,नाखून, हड्डियां और आंखें जल्द कमजोर नहीं होती हैं।

**शनि की** कृपादृष्टि होने पर अचानक से धन लाभ होता है और कार्यक्षेत्र में लगातार तरक्की होती है। शनि देव ज्ञान और विद्या के कारक ग्रह हैं। उनकी कृपा से व्यक्ति को शिक्षा, ज्ञान और बुद्धि प्राप्ति में सफलता मिलती है।

**शनि देव** शक्ति और पराक्रम के भी कारक ग्रह हैं। उनकी कृपा से व्यक्ति शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत होता है। कड़ी मेहनत करने वालों से शनि प्रसन्न रहते हैं और उनकी मेहनत का फल दिलाते हैं।

**ज्योतिष शास्त्र** के मुताबिक शनि इन तीनों राशियों को शुभ फल देते हैं। शनि ग्रह मकर और कुंभ राशि के स्वामी हैं। तुला राशि में शनि उच्च भाव में होते हैं। मकर और कुंभ में शनि सातवें भाव में होते हैं। ग्याहरवें भाव में भी शनि का होना अच्छा माना जाता है।

कार्नर न्यूज

### अपनाएं ये टिप्स जिससे आपके पौधे एक हफ्ते बाद भी रहें हरे-भरे

# आप बाहर जा रहे हैं, तो न करें चिंता, तपती गर्मी में भी पौधों को ऐसे रखें सेफ, एक सप्ताह तक नहीं मुरझाएंगे

*गर्मी के दिनों में, अगर हम एक दिन भी पौधों में पानी नहीं डालें तो वे जल्दी से सूख जाते हैं। जब हम छुट्टियों पर बाहर जाते हैं तो यह चिंता और भी बढ़ जाती है कि कहीं हमारे पौधे मुरझा न जाएं। इस स्थिति में यह जरूरी हो जाता है कि हम पौधों की देखभाल के लिए कुछ विशेष तरीके अपना सकते हैं ताकि जब हम वापस आएं तो हमारे पौधे हरा-भरा दिखें। कुछ आसान ट्रिक्स भी हैं जिससे पौधे लगभग एक सप्ताह तक नहीं सूखेंगे।*



### सूखे नारियल के छिलके

पौधों की जड़ों में सूखे नारियल के छिलके डालना एक अच्छा तरीका है जो नमी को बरकरार रखता है। इसे करने के लिए, जड़ों के आस-पास सूखे नारियल के छिलके अच्छी तरह से बिछा दें और फिर उन पर पानी डालें। यह तरीका जड़ों को लंबे समय तक नम रखता है और पौधे को धूप में भी नहीं सूखने देंगे। ऐसा करने से पौधे तेजी से बढ़ते भी हैं।

### छाया में रखें

पौधों को ज्यादा धूप से बचाने के लिए, उन्हें थोड़ी छाया में रखें। बेहतर है कि पौधे वहां हों जहां सुबह या शाम को हल्की धूप आए और दोपहर की कड़ी धूप से दूर रहें। इससे पौधे स्वस्थ रहेंगे और अच्छी तरह बढ़ेंगे।

### पानी का व्यवस्था करें

पौधों को हमेशा पानी देना चाहिए। अगर आप कहीं जा रहे हों, तो पौधों के ट्रे में खूब पानी भर दें या फिर ऑटोमेटिक पानी देने वाली मशीन लगा दें। इससे पौधे अपने आप को तरोताजा रख सकेंगे। यह तरीका पौधों को सूखने से बचाएगा।



### मल्च का इस्तेमाल करें

मल्चिंग का मतलब है पौधों की जड़ों के आसपास कुछ ढंककर रखना, जैसे कि गीली घास या पत्तियां। यह तरीका जड़ों को गर्मी से बचाता है और उन्हें ठंडा रखता है। मल्चिंग से नमी भी बनी रहती है, जिससे पौधे स्वस्थ रहते हैं और अच्छे से बढ़ते हैं।

### उर्वरक का प्रयोग करें

यदि आप लंबे समय के लिए बाहर जा रहे हैं, तो पौधों को धीमी गति से रिलीज होने वाला उर्वरक दें। यह उर्वरक पौधों को जरूरी पोषक तत्व प्रदान करेगा और उन्हें स्वस्थ रखेगा।

## फिल्म इवेंट

### भोजपुरी

## लग्जरी कार छोड़कर ऑटो में गईं अक्षरा



भोजपुरी फिल्मों की क्वीन अक्षरा सिंह सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय रहती हैं। हाल ही में उन्होंने अपने इंस्टा स्टोरी पर एक पोस्ट शेयर किया है, जिसे लेकर वे एक बार फिर चर्चा में छाई हुई हैं। दरअसल, अक्षरा सिंह ने सोमवार को काम पर जाने के लिए किसी लग्जरी कार से नहीं बल्कि ऑटोरिक्शा से गईं। इसकी एक छोटी से झलक दिखाते हुए एक्ट्रेस ने लिखा है कि 'ऑटो में घूमने की खुशी'। एक्ट्रेस को देखकर लग रहा है कि वे ऑटोरिक्शा की सवारी को खूब एंजॉय कर रही हैं। अक्षरा ने बैकग्राउंड में 'आई कांट गेट एनफ' गाना शेयर किया है। एक्ट्रेस के वर्कफ्रंट की बात करें तो हाल ही में उन्हें एक म्यूजिक वीडियो 'डिफेंडर' में देखा गया है। इस वीडियो में भोजपुरी एक्ट्रेस पंजाबी गायक मनकीरत औलख के साथ नजर आईं। बता दें कि इस गाने को मनकीरत, रेणुका पंवार और शेव ने गाया है। वहीं इसके बोल रईस ने और संगीत शेव ने दिया है। वीडियो का निर्देशन शेरा ने किया है। सोशल मीडिया पर उनका ये गाना खूब वायरल हो रहा है। अक्षरा के फैंस इन गाने पर जमकर रील्स बना रहे हैं।

### तमिल सिनेमा

## एक सिंपल सी लड़की को देखते ही दिल दे बैठे थे रजनीकांत



साउथ सिनेमा में भगवान की तरह पूजे जाने वाले एक्टर रजनीकांत हिंदी सिनेमा का एक बड़ा नाम है। आपको ये जानकर हैरान होगी कि इंटरव्यू लेने आई एक लड़की को देखते ही रजनीकांत अपना दिल हार बैठे थे। ये लड़की रजनीकांत की वाइफ लता रंगाचारी है। दोनों की पहली मुलाकात साल 1979 में हुई थी, जब रजनीकांत अपनी फिल्म थिल्लू मल्लू की शूटिंग कर रहे थे। उस दौरान इतिराज कॉलेज की एक स्टूडेंट लता उनका इंटरव्यू लेने आईं। पहहली नजर में ही रजनीकांत को लता से प्यार हो गया था। जैसे ही लता ने इंटरव्यू खत्म किया तो सुपरस्टार ने उनसे शादी के लिए प्रपोज कर डाला। रजनीकांत ने लता से कहा कि क्या आप मुझसे शादी करेंगी? ये सुनते ही लता हैरान रह गईं और उस वक्त उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। लता से रजनीकांत से कहा कि इसके लिए आपको मेरे माता-पिता से बात करनी होगी। वहीं रजनीकांत को इस बात का डर था कि कहीं उनके पैरेंट्स इस शादी से इनकार ना कर दें। हालांकि, वे इस रिश्ते के लिए राजी हो गए थे। वहीं दोनों के घरवालों की रजामंदी के बाद रजनीकांत और लता 26 फरवरी 1981 को बड़े धूमधाम से शादी रचाई। रजनीकांत और लता की शादी को 43 साल हो चुके हैं।

### मणिपुर सिनेमा

## सोमा लैशराम पर तीन साल के लिए लगा बैन



इंफाल बेस्ड एक ऑर्गेनाइजेशन ने पॉपुलर मणिपुरी फिल्म स्टार सोमा लैशराम को तीन साल के लिए फिल्मों में काम करने और सोशल इवेंट में भाग लेने पर बैन लगा दिया है। कहा जा रहा है कि इस संगठन ने कईं मशहूर हस्तियों से अपील की थी कि जब तक मणिपुर हिंसा की आग से धधक रहा है तब तक वे मनोरंजन कार्यक्रमों में भाग न लें लेकिन सोमा लैशराम ने इनकी बात नहीं मानी जिसके चलते उन पर बैन लगाया गया है। वहीं राज्य में सभी फिल्म बॉडी के संगठन, फिल्म फोरम मणिपुर ने लैशराम पर लगाए गए केकेएल के फैसले की भारी आलोचना की और कहा कि वह बैन को रद्द कराने की कोशिश करेंगे कांगलेइपाक कनबा लूप (केकेएल) ग्रुप ने कहा कि फिल्म स्टार सोमा लैशराम ने 16 सितंबर को नई दिल्ली में एक ब्यूटी पेजेंट में भाग लिया था, जो कि मणिपुर में चल रहे जातीय संघर्ष के मद्देनजर एक्टर्स को ऐसे आयोजनों से बचने के सामान्य आह्वान के खिलाफ था। बता दें कि लैशराम ने 150 से ज्याद मणिपुरी फिल्मों में अपनी दमदार एक्टिंग का लोहा मनवाया है और कई पुरस्कार जीते हैं। वहीं केकेएल द्वारा लगाए गए बैन पर लैशराम ने कहा कि उन्होंने नई दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में नॉर्थ ईस्ट स्टूडेंट्स फेस्टिवल में भाग लिया क्योंकि इसने पूर्वोत्तर की सांस्कृतिक विरासत का जश्न मनाया था।

### लाइफ स्टाइल

## बॉलीवुड की सबसे महंगी दुल्हन




शादी के तय होने से लेकर सपन्न होने तक कई तैयारियां होती हैं, जिसको करने के लिए मेहनत के साथ नोट भी काफी खर्च होते हैं। वहीं बात अगर बॉलीवुड की एक्ट्रेसेस के बारे में करें तो आज तक जितनी भी अभिनेत्रियां दुल्हन बनीं सभी ने लाखों रुपये कीमत के लहंगे पहने मगर उनमें सबसे महंगी दुल्हन की बात की जाए तो उसमें सबसे महंगा पहनने वाली एक्ट्रेस हैं सोनम कपूर, जिन्हें लोग फैशन डीवा के नाम से भी जानते हैं। सोनम ने अपनी शादी में सुर्ख लाल रंग का हैवी लहंगा पहना था जिसकी कीमत 90 लाख रुपये थी। दूसरे नंबर पर हैं प्रियंका चोपड़ा जिन्होंने अमेरिकी सिंगर निक जोनस से शादी की है। शादी में प्रियंका चोपड़ा ने लाल रंग सब्यसाची लहंगा पहना था, जिसकी कीमत 18 लाख के करीब बताई जाती है।

## गर्मी में कपड़ों से आती है पसीने की स्मेल तो आजमाएं ये घरेलू ट्रिक्स, तुरंत मिलेगा छुटकारा

गर्मी के दिनों में पसीने की बदबू से बहुत से लोग परेशान रहते हैं, खासकर जब यह बदबू कपड़ों से आती है। कपड़ों से आने वाली पसीने की दुर्गंध न सिर्फ खुद को, बल्कि आसपास के लोगों को भी असहज कर सकती है।

अगर आप भी इससे दिक्कत महसूस कर रहे हैं तो परेशान न हों। हम आपके लिए कुछ बहुत ही सरल घरेलू नुस्खे लेकर आए हैं जो आसानी से यह समस्या दूर कर देंगे। आज हम ऐसे ही कुछ उपाय बताएंगे जो जल्दी काम करते हैं और आपको फ्रेश रखते हैं।



### नींबू का उपयोग

नींबू के रस में एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं जो कपड़ों की बदबू दूर कर सकते हैं। आप या तो नींबू का रस सीधे पसीने के निशान वाले हिस्से पर रगड़ें या कपड़े धोने के पानी में मिला दें। इससे दुर्गंध में कमी आएगी और कपड़े ताजगी से भर उठेंगे। इसके साथ ही जो आपके आसपास रहेगा उसे भी भीनी-भीनी खुशबू आएगी।

### बेकिंग सोडा

बेकिंग सोडा भी पसीने की बदबू को खत्म करने का एक अच्छा तरीका है। आप इसे उन जगहों पर लगाएं जहां पसीने के दाग हैं। बस थोड़ा सा बेकिंग सोडा लें और दाग पर छिड़कें। इसे कुछ घंटे वैसे ही छोड़ दें, फिर उस कपड़े को अच्छी तरह से धो लें। इससे कपड़े से बदबू चली जाएगी और वे फिर से ताजा महसूस होंगे।

### सिरका

सिरका भी कपड़ों से बदबू हटाने का बहुत अच्छा उपाय है। आप कपड़े धोने के पानी में थोड़ा सिरका मिला सकते हैं, इससे बदबू दूर होगी। अगर कपड़े पर ज्यादा स्मेल है, तो आप सीधे उस जगह पर सिरका लगा सकते हैं। इसे थोड़ी देर के लिए ऐसे ही छोड़ दें, फिर धो लें। इससे स्मेल चली जाएगी और कपड़े फिर से फ्रेश हो जाएंगे।

### हमेशा साफ-सुथरे कपड़े पहनें

गर्मी के दिनों में हमेशा साफ और सूखे कपड़े पहनना चाहिए। इस मौसम में कपड़े अक्सर बदलें और उन्हें खुली और हवादार जगह पर सुखाएं। ऐसा करने से कपड़े लंबे समय तक ताजा रहेंगे और दुर्गंध से बचे रहेंगे।

## सूती साड़ी पहनने में होती है झिझक तो अपनाएं इसे स्टाइल करने के टिप्स




गर्मियों में सूती साड़ी से ज्यादा आरामदायक कुछ नहीं होता लेकिन कुछ महिलाएं इसे बाहर पहनने से झिझकती हैं। अगर आपके साथ भी ऐसा होता है, यहां से कॉटन साड़ी को स्टाइल करने के टिप्स। न्यूलीवेड एक्ट्रेस रकुलप्रीत सिंह एक बार फिर सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं। उन्होंने गर्मियों के हिसाब से खुद को स्टाइल कर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जो फैंस को खूब पसंद आ रही हैं। गर्मी ने अपना कहर बरपाना शुरू कर दिया है। ऐसे में स्टाइल डीवा रकुलप्रीत ने खुद इस मौसम के मुताबिक इतनी खूबसूरती से ढाला है, जिससे हर लड़की को टिप्स लेने चाहिए।




**स्टाइलिश दिखने पीच कलर की साड़ी, खुले बाल :** एक्ट्रेस ने गर्मियों में स्टाइलिश दिखने के लिए पीच कलर की सूती साड़ी को चुना है, जिसके साथ सफेद रंग की स्लीवलेस को भी पेयर किया। इस सिंपल सूती साड़ी को और एलिगेंट बनाने के लिए एक्ट्रेस ने बालों को सॉफ्ट कर्ल करके खुला छोड़ दिया है, जो हवा में खूबसूरती से लहरा रहे हैं।

**ब्लैक ऑक्सिडाइज्ड ज्वैलरी, लाइट मेकअप :** वहीं, सूती साड़ी को स्टाइलिश लुक देने के लिए उन्होंने ब्लैक ऑक्सिडाइज्ड ज्वैलरी को चुना, जिसमें हेवी झुमके, चूड़ियां और स्टेटमेंट रिंग शामिल हैं। साथ ही साड़ी के रंग से मेल खाते हुए उन्होंने बिल्कुल लाइट मेकअप को चुना। गालों पर पीच कलर की ब्लश, हाईलाइटर, थिक आईब्रो, आंखों पर काजल और मस्कारा के साथ होठों के लिए न्यूड पीच कलर की लिप शेड।

## गर्मियों में भी फट रहे हैं आपके होंठ तो ये घरेलू उपाय आएंगे काम

फटे हुए होंठ सुंदरता को कम कर देते हैं, जिससे चेहरा बेकार दिखने लगता है। अक्सर होंठ ठंड के मौसम में ज्यादा फटते हैं, लेकिन कुछ लोगों को गर्मी के दिनों में भी होंठ फटने की समस्या रहती है। आपके भी गर्मी के मौसम में होंठ फटते हैं, तो यह खबर आपके लिए है। आज हम आपको ऐसे आसान घरेलू उपाय के बारे में बताएंगे, जिसे अपनाकर आप अपने होठों को स्वस्थ बना सकते हैं। यदि आपके फटे हुए होंठ गंभीर हैं, तो डॉक्टर से सलाह लें।

**करें ये आसान घरेलू उपाय :** गर्मी के दिनों में तेज धूप, प्रदूषण, गर्म हवा और कम नमी के कारण होंठ फटने लगते हैं। उनमें दरार आ जाती है और पपड़ी निकलने लगती है, यह दर्दनाक भी हो सकता है। आप चिंता न करें, इससे बचने के लिए आप यह उपाय कर सकते हैं। सबसे पहले आपको रोजाना होठों पर लिप बाम या पेट्रोलियम जेली लगाना चाहिए। आप इसे दिन में तीन से चार बार लगा सकते हैं।



### नेचुरल ऑयल का इस्तेमाल

इसके अलावा आप नेचुरल ऑयल का इस्तेमाल कर सकते हैं। जैसे नारियल तेल, जैतून का तेल, बादाम का तेल आदि। घी का इस्तेमाल कर आप होठों को स्वस्थ रख सकते हैं। एलोवेरा जेल में मॉइश्चराइजिंग गुण होते हैं, जो फटे हुए होठों को ठीक करने में मदद करते हैं और उन्हें स्वस्थ रखते हैं।

**पर्याप्त पिएं पानी, नशा करना करें बंद :** इसके अलावा पर्याप्त पानी पीने से होंठ स्वस्थ रहते हैं, आपको 7 से 8 गिलास पानी दिन में पीना चाहिए। अगर आप धूम्रपान या शराब का सेवन करते हैं, तो इसे आज ही छोड़ दें। ऐसा करने से होंठ खराब होने लगते हैं। इन उपायों के अलावा आप कुछ बातों का ध्यान रख सकते हैं। जैसे होठों को बार-बार न छुए। धूप में निकलने से पहले होठों पर सनस्क्रीन या लिप बाम लगाकर निकलें।

## मेकअप करते समय चेहरे पर प्राइमर लगाना सही या नहीं, जानें इससे स्किन पर होने वाले लाभ व नुकसान

खूबसूरत दिखने के लिए लोग मेकअप करते हैं। खासकर लड़कियां ज्यादा मेकअप करना पसंद करती है। ऐसे में जो लड़कियां ऑफिस या कॉलेज जाती है, वे रोजाना मेकअप करती है। मेकअप का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होता है प्राइमर। प्राइमर एक कॉस्मेटिक प्रोडक्ट है, जो मेकअप करने से पहले चेहरे पर लगाया जाता है। इसकी मदद से त्वचा चिकनी और एक समान बनती है। प्राइमर मेकअप को बेहतर तरीके से लगाने और टिकाने में मदद करता है। प्राइमर का इस्तेमाल करना आपकी त्वचा के प्रकार पर निर्भर करता है। अगर आपकी ऑइली स्किन या संवेदनशील स्किन है, तो प्राइमर का उपयोग करने से पहले किसी स्किन स्पेशलिस्ट की



सलाह जरूर लें। आईए जानते हैं प्राइमर के इस्तेमाल करने से क्या होते हैं फायदे और नुकसान।

**प्राइमर पूरे दिन मेकअप को टिकाते हैं :** प्राइमर मेकअप को बेहतर बनाता है। इसके अलावा यह पूरे दिन मेकअप को टिकाने में भी मदद करता है, जिससे आपको बार-बार टच अप करने की आवश्यकता नहीं पड़ती। कुछ प्राइमर में ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जो त्वचा की रक्षा करते हैं। यही नहीं प्राइमर में मॉइश्चराइजिंग गुण होते हैं, जो त्वचा को हाइड्रेट रखने में मदद करता है।

**प्राइमर से पिंपल्स होने का खतरा :** प्राइमर के कुछ नुकसान भी हो सकते हैं। कुछ प्राइमर ऐसे होते हैं, जो त्वचा के रोम छिद्रों को बंद कर देते हैं। जिससे पिंपल्स होने लगते हैं। कई बार प्राइमर के इस्तेमाल से स्किन ऑयली होने लगती है। इसके अलावा कुछ प्राइमर में मौजूद तत्वों से एलर्जी या स्किन संबंधित समस्या होने लगती है।


**ऐसे करना चाहिए प्राइमर का इस्तेमाल :** प्राइमर का इस्तेमाल करने से पहले आपको अपने चेहरे को साफ पानी से धोकर सुखाना होगा, फिर थोड़ी मात्रा में प्राइमर लें और अपने चेहरे पर समान रूप से लगाएं। लगभग 30 से 40 सेकंड तक प्राइमर को सूखने दें और फिर मेकअप लगाएं।

### कार्नर न्यूज

## थोड़ी सजगता बरतते हुए करें उपयोग, नहीं होगी स्किन इर्रिटेशन की परेशानी

## .... फैंसी झुमकियां पहनने से कान के पीछे होने वाली खुजली से बचाएंगें ये टिप्स

आमतौर पर महिलाएं रोज पहनने के लिए तरह तरह के ईयर टॉप्स या बालियां बाजार से खरीदती हैं और ड्रेस के साथ मैच बनाकर पहनती हैं। ये दिखने में ट्रेंडी होते है और खो भी जाएं तो परेशानी नहीं होती। यही वजह है कि महिलाएं सोना चांदी की बालियों की बजाय ऐसे डिजाइनर बालियां या झुमकियाँ पहनना काफी पसंद करती हैं। हालांकि कुछ लड़कियां की परेशानी होती है कि वे जैसे ही इन आर्टिफिशियल झुमके को कान के छेद में डालती हैं स्किन पर काफी तेज खुजली शुरू हो जाती है और घाव बन जाते हैं। इस परेशानी के चक्कर में उन्हें फैंसी झुमकियां या बाली पहनने में काफी परेशानियों और दिक्कतों का सामना करना पड़ता है और वे शौक के बावजूद इन्हें नहीं पहन पातीं। अगर आप भी ऐसी परेशानियों की वजह से खूबसूरत ज्वेलरी नहीं पहन पातीं तो हम आपकी मदद कर सकते हैं।




### क्यों होती है खुजली

सबसे पहले यह जान लेना जरूरी है कि ऐसी ज्वेलरी पहनने पर खुजली आखिर होती क्यों है। दरअसल इसकी वजह है स्किन पर रिएक्शन होना। जी हां, जिस मटीरियल का इयरिंग बना है वह आपकी स्किन पर क्या रिएक्ट करता है एक तो इसकी जानकारी होना जरूरी है और अगर नहीं है तो इयरिंग डालने के बाद अगर खुजली हो रही है उसे तत्काल उतार देना चाहिए और आगे से कभी उस मटीरियल के आभूषणों का उपयोग नहीं करना चाहिए।

### क्या है उपाय

- अगर आप ऐसी झुमकियां पहनना ही चाहती हैं तो सबसे पहले उस टॉप्स के पिछले हिस्से पर ट्रांसपेरेंट नेल पॉलिश की कोटिंग कर दें और हो सके तो दो कोटिंग कर दें। इस तरह मेटल का सर्फेस स्किन के संपर्क में नहीं आएगा और एलर्जी नहीं होगी।
- अगर आप जिस बालियों या झुमके को नहीं पहन पा रहे लेकिन वो आपकी फेवरेट है तो इसका एक और उपाय है। आप सुनार के पास जाएं और उस पर सोने का पानी चढ़वा लें। ऐसा करने से इसे पहनने से खुजली नहीं होगी लेकिन यह उसी झुमकी के लिए ठीक है जो पूरी तरह गोल्डन टोन की है।



- इन दिनों बाजार में टॉप्स के पेंच के लिए तरह तरह के ईयर लोब बैंडेज मिलते हैं। आप इसे पहनने से पहले लगाएं और इयररिंग पहन लें। यह उन झुमकियों के साथ काम करेगा जिसके पेंच की वजह से आपको खुजली होती है।
- आपको बता दें कि ब्रास और कॉपर की बनी ज्वेलरी स्किन पर रिएक्ट आसानी से करती हैं। इसलिए बेहतर होगा कि आप या तो गोल्ड या सिल्वर ज्वेलरी पहनें या प्लास्टिक की ज्वेलरी ट्राई करें।